दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 22 नवम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 334 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3












**शुभकामनाएं**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गाजियाबाद में मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के भतीजे रोहित त्यागी के विवाह समारोह में आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। रोहित त्यागी का शुभ विवाह विकास त्यागी की सुपुत्री तान्या त्यागी के साथ हुआ है।

## भारत का तेजस लड़ाकू विमान दुबई एयर शो में हुआ क्रैश, पायलट की मौत



नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित दुबई एयर शो में प्रदर्शन के दौरान भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस क्रैश हो गया। भारतीय वायु सेना ने दुबई एयरशो में तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि कर दी है। वायुसेना ने बताया है कि हादसे में विमान के पायलट को गंभीर चोटें आईं, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई है। घटना से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट हुआ है। इस वीडियो में एक विमान सीधा जमीन की ओर गिरता नजर आ रहा है। जिसके बाद आग और काले धुएं का गुबार उठता हुआ दिखता है। ये प्रदर्शनी दुबई के दूसरे सबसे बड़े अल-मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हो रही है। जब हादसा हुआ तो एयरपोर्ट पर धुएं का गुबार उठा और सायरन की आवाजें सुनाई देने लगीं। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना पर बयान जारी किया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर किए एक पोस्ट में मंत्रालय ने लिखा, " दुबई एयर शो में फ़्लाइंग डिस्प्ले के दौरान भारत का एक तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की दुखद मृत्यु हो गई। अग्निशमन और इमरजेंसी टीमों ने घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और वर्तमान में मौके पर स्थिति को नियंत्रित कर रही हैं।"

# मतदाता सूची का (सर) अभियान क्या कर रहा है बीएलओ को परेशान

## देवतुल्यों का पता नहीं है मगर अब पार्षदों ने संभाली है अपने अपने क्षेत्रों में कमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस मतदाता लिस्ट के अभियान को लेकर पूरी भाजपा लगी हुई है, उस लिस्ट की कहानी में कई ट्विस्ट आ रहे हैं।

प्रदेश संगठन महामंत्री आये और बड़ी विधानसभा में लिस्ट को लेकर निर्देश देकर गये। इस कार्यशाला में विधायक पहुंचे, मंडल अध्यक्ष पहुंचे। सबकुछ अपडेट किया गया। सूची तैयार हो रही हैं और खास बात ये है कि लोकसभा क्षेत्र के एक विधायक जी का तो पार्टी ने कद बढ़ा दिया है और उन्हें इस अभियान का ही प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। सह संयोजक के शहर में और नहर के उस पार पता ये चला है कि (सर) अभियान को लेकर बीएलओ के सर में दर्द हो गया है। कहीं तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं और कहीं अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है।

वैसे ये भी सच है कि पहले बीएलओ अपनी मर्जी से सूची सत्यापित कर लेते थे और अब उन्हें अनिवार्य रूप से डोर टू डोर जाना ही पड़ रहा है तो सर में दर्द हो भी सकता है। लेकिन यहां पर बताया ये जाता है कि (सर) अभियान को लेकर साहिबाबाद विधानसभा में बीएलओ कई दुविधाओं से जूझ रहे हैं। साहिबाबाद विधानसभा में 1100 बीएलओ की ड्यूटी लगायी गयी है। ये सभी बीएलओ सुबह 10 बजे आ जाते हैं। यहां पर बीएलओ बता रहे हैं कि जब वो घरों पर पहुंचते हैं तो ताला भी एक समस्या है। पहले ताला सामान्य होता था और बाहर से ही पता चल जाता था कि घर पर ताला लगा है लेकिन अब इंटरलॉक होने के कारण ये एक समस्या है।

खास तौर से हाईराईज सोसायटी में ये दिक्कत आ रही है। क्योंकि यहां अधिकांश फ्लैटों में पति पत्नी दोनों ही वर्किंग है। घरों में या तो बच्चे मिलते हैं या मेड मिलती है और वो कुछ भी जानकारी देने से इंकार कर देते हैं। दबी जबान से बीएलओ ये भी बता रहे हैं कि जिस तरह से घोषणा की गयी थी उस तरह से उन्हें राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का सहयोग नहीं मिल रहा है। यहां पर वो ये भी बता रहे हैं कि हाईराइज सोसाईटी में दिक्कत ज्यादा आ रही हैं। यहां सोसायटी के मैनेजर उन्हें अंदर जाने के लिए तो अनुमति देते हैं लेकिन यहां आरडब्ल्यूए का सहयोग नहीं मिल रहा है। ऐसे में अभियान को लेकर फिर अलग अलग बीएलओ ने अपने अपने क्षेत्र के पार्षदों से सम्पर्क साधा। पार्षद शहरी क्षेत्र में निर्वाचक राजनीति की प्रथम सीढी होती है। जिस तरह से ग्राम व्यवस्था में ग्राम प्रधान प्रथम जनप्रतिनिधि होता है उसी प्रकार से शहरी व्यवस्था में पार्षद प्रथम जनप्रतिनिधि होता है।

मतदाता गहन सूची अभियान की कमान अब आगे बढ़कर पार्षदों ने अपने हाथ में ली है। ये अभियान पूरी तरह सफल हो इस लक्ष्य के साथ पार्षद आगे आये है। अब बीएलओं के साथ पार्षद खुद जा रहे हैं। पार्षदों ने अपनी टीमें बीएलओं के साथ लगायी हैं जो उन्हें सहयोग कर रहे हैं।



### गौरव सोलंकी ने दिया रजिस्टर और राजकुमार भाटी खुद चल रहे हैं बीएलओ के साथ

**करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान बेसिकली चुनाव आयोग का काम है। लेकिन मतदाता सूची के गहन पुर्निक्षण में पादर्शिता रहे और इस काम में जुटे बूथ लेवल अधिकारियों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए पार्षद आगे आये हैं। यहां पर बताया जाता है कि कई दिक्कतें बीएलओ के सामने आ रही हैं। जिनमें कई बार ये हुआ है कि एक भवन संख्या पर तीन बीएलओ पहुंच रहे हें। उदाहरण के तौर पर एक मकान है और उसमें निर्वाचन सूची के अनुसार तीन भाग हैं। हर भाग का अलग बीएलओ है और हो ये रहा है कि एक मकान पर तीन बीएलओ पहुंच रहे हैं। बीएलओ के सहयोग में जुटे भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि हमने अपनेक्षेत्र में लगे बीएलओ को रजिस्टर दिया है और इस रजिस्टर में पूरा ब्यौरा है। इससे उन्हें भवन संख्या और वहां मौजूद वोटों का पूरा अपडेट ब्यौरा मिलेगा। इसी तरह वार्ड 79 के पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया कि अभी शुरूआती दौर है लेकिन सबकुछ ठीक चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने लगभग 70 प्रतिशत फॉर्म वितरित किये हैं और उनमें से 20 प्रतिशत फॉर्म भरकर वापस भी आ गये हैं।

# कफ सिरप सिंडिकेट को बचाने के आरोप में इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिद्धू गिरफ्तार

## कार से बरामद हुए चार लाख रूपये, सिहानी गेट थाने में दर्ज हुआ मुकदमा, इंस्पेक्टर ने कहा मुझे फंसाया गया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कफ सिरप तस्करी के चर्चित मामले में आरोपियों की मदद करने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में क्राइम ब्रांच में तैनात निरीक्षक रमेश सिंह सिद्धू को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर डीसीपी नगर जोन धवल जायसवाल, एडीसीपी पीयूष सिंह, एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय की निगरानी में की गई।



गिरफ्तारी के दौरान इंस्पेक्टर की कार से लगभग चार लाख रूपये नकद बरामद किए गए हैं। इंस्पेटर पर कफ सिरप सिंडिकेट के आरोपी को राहत देने की डील का आरोप लगा है।

आरोप है कि उन्होंने 4 नवंबर को दर्ज एफआईआर संख्या 691/2025, जिसमें शुभम जायसवाल, आसिफ और 17 अन्य आरोपी शामिल हैं, में नाम हटाने और केस कमजोर करने के बदले पैसे की मांग की थी। यह पूरा मामला प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा है, जो उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बांग्लादेश बॉर्डर तक फैलने की आशंका है।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल ने की पुष्टि की है कि इंस्पेक्टर सिद्धू के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोर्ट में पेश किए जाने के बाद न्यायिक रिमांड प्राप्त कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रिश्वत देने आए व्यापारी मौके से फरार हो गया और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### क्राइम ब्रांच में तैनात था इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिद्धू



**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच में ढाई साल से तैनात इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिद्धू को पुलिस ने रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिद्धू इससे पहले थाना नंदग्राम में एसएचओ रह चुका है और वर्तमान में क्राइम ब्रांच में महत्वपूर्ण मामलों की विवेचना कर रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की रात लगभग नौ बजे से ही वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी थी। क्राइम ब्रांच परिसर में डीसीपी सिटी, एडीसीपी क्राइम, एसीपी नंदग्राम और थाना सिहानी गेट पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही। जांच के बाद देर रात आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद विभागीय अमले में खलबली मची हुई है।

### पुलिस ने पकड़ा, इंस्पेक्टर का दावा — यह रिश्वत नहीं, निजी पैसा है

करंट क्राइम : बरामदगी के बाद जहां पुलिस इसे रिश्वत का प्रमाण मान रही है, वहीं इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिद्धू ने अपनी गिरफ्तारी के बाद कहा है कि मुझे फंसाया गया है। यह पैसा मैंने कुछ दिन पहले पत्नी के बैंक खाते से निकाला था। यह राशि मुझे बड़ौत में रहने वाले एक परिचित को लौटानी थी। इंस्पेक्टर के अनुसार, यह रिश्वत की रकम नहीं बल्कि उधार चुकाने के लिए रखा गया पैसा था, लेकिन इससे पहले ही उन्हें इस मामले में पकड़ लिया गया।


### जांच उच्च स्तरीय टीम करेगी



करंट क्राइम : हालिया बड़े खुलासों के बाद सख्ती इस मामले में बढ़ी हुई है। गाजियाबाद और यूपी में पिछले दिनों कई जगहों पर प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी गई थी। जिसमें दिल्ली-मेरठ रोड से 4 ट्रक फेंसिडिल बरामद, तो सोनभद्र में 2 ट्रक जब्त, वाराणसी में जिम के बेसमेंट से 93,000 बोतलें बरामद। इन घटनाओं के बाद पुलिस कार्रवाई और निगरानी और अधिक सख्त की गई थी। उधर जानकारी है कि पुलिस अब बरामद रकम के स्रोत, बैंक रिकॉर्ड, कॉल डिटेल, और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच करेगी ताकि यह साफ हो सके कि यह रकम रिश्वत के रूप में ली गई थी या इंस्पेक्टर का दावा सही है और यह निजी लेनदेन का पैसा था।

### गाजियाबाद पुलिस की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी फिर चर्चा में

**करंट क्राइम :** गिरफ्तारी के बाद पुलिस कमिश्नरेट में दोबारा संदेश गया है कि भ्रष्टाचार पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा। जिस प्रकार विवेचक इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिद्धू के मामले में तत्काल जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है, उससे प्रदेश के कई जिलों में गाजियाबाद पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति की चर्चा हो रही है। कुछ माह पहले ही नए पुलिस आयुक्त के कार्यभार संभालने के बाद जन शिकायतों और भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आधार पर 39 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई थी, जिसकी भी इस गिरफ्तारी के बाद पुनः चर्चा तेज हो गई है। इस मामले में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड खुद भी सभी बिन्दुओं पर अपने स्तर से जांच पड़ताल करवा रहे हैं। बताया जा रहा है कि लखनऊ के अधिकारी भी इस मामले का संज्ञान ले चुके हैं।



# लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन

## सीएम योगी ने शिक्षा, संवाद और वैश्विक चुनौतियों पर जताई चिंता






**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से दुनिया को एक परिवार मानता रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया की वास्तविक समस्या एक-दूसरे के साथ डायलॉग को बाधित करना है। यह सम्मेलन एक-दूसरे के साथ डायलॉग का साधन है। कुछ समय पहले यूएन ने दुनिया के सामने 16 गोल रखे थे। उसमें शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

### वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता हड़पने की होड़

उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है। जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं। सीएम ने आगे कहा कि हम अक्सर इस बात को देखते हैं कि जलवायु परिवर्तन और उससे उत्पन्न होने वाले संकट भी हमारे सामने एक नई चुनौती हैं। साइबर क्राइम, डाटा चोरी जैसी समस्या भी हमारे सामने खड़ी है। ऐसी स्थिति में न्याय, नैतिकता और अतंरराष्ट्रीय कानून, विश्व शांति और मानव सभ्यता के लिए एक बड़ी लकीर खींचने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। वैश्विक आतंकवाद जैसे मुद्दों पर मुखर होकर बोलना चाहिए

### न्याय मानवता की समस्या के समाधान का रास्ता निकाले

संबोधन में सीएम ने कहा कि आज जब दुनियाभर के न्यायविद एक जगह एकत्र हुए हैं, तो न्याय मानवता की समस्या के समाधान का रास्ता कैसे निकाल सकता है, इस कांफ्रेंस के माध्यम से दुनियाभर में यह संदेश देने की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूएन ने 80 वर्ष पहले कहा था कि दुनिया को अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और जवाबदेह वैश्विक प्रणाली की आवश्यकता है। इस पर आज सोचने की जरूरत है। साइबर क्राइम, अच्छे स्वास्थ्य और वैश्विक आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भी मुखर होकर यूएन जैसे प्लेटफार्म का उपयोग करना चाहिए। इसके लिए भारत की उस प्राचीन व्यवस्था पर जरूर ध्यान देना चाहिए, जिस पर हमने पांच अवयव पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि, वायु की उपासना का आधार मान करके इनकी सुरक्षा, सरंक्षण को सदैव प्राथमिकता दी।

# बिहार में विभागों का बंटवारा फाइनलः गृह विभाग बीजेपी के पास

### नीतीश ने अपने पास रखे प्रमुख मंत्रालय




**पटना।** गुरुवार को शपथ लेने के बाद अब जाकर बिहार की नीतीश कुमार सरकार के 26 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा फाइनल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास क्या रखा और किसे क्या दिया, देखें सबकुछ।

बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्रियों के विभाग का बंटवारा हो गया है। राजभवन से लिस्ट जारी कर दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि गृह विभाग सीएम नीतीश कुमार के पास नहीं रहा। बिहार विधानसभा चुनाव में 89 सीटें लाकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी भारतीय जनता पार्टी के इस बार अपने पास गृह विभाग रखा है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सीएम नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, निगरानी, निर्वाचन और अन्य कुछ विभाग हैं। वहीं 'अमर उजाला' बता दिया था कि भाजपा के टिकट पर दूसरी बार विधायक और पहली बार मंत्री बनी श्रेयसी सिंह को खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इधर, इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई सरकार के मंत्रियों के विभागों की लिस्ट राज्यपाल को सौंप दी थी। शुक्रवार शाम चार बजे वह राजभवन गए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। इसके बाद मंत्रियों के विभागों की लिस्ट उन्होंने राज्यपाल को सौंप दी। अब राजभवन ने मंत्रियों से विभाग की सूची जारी कर दी। पिछले 24 घंटे से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता इस पर विमर्श कर रहे थे।

आज भी पूरे दिन एनडीए के नेताओं के साथ सीएम नीतीश ने मंथन किया। इसके बाद सम्राट चौधरी ने भाजपा के मंत्रियों के विभागों की लिस्ट सीएम नीतीश कुमार को सौंपी। कुछ विभागों पर पेंच फंसा था लेकिन अंततः सीएम नीतीश कुमार ने विभाग आवंटन पर मुहर लगा दिया।

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी केसः महू स्थित मकान की तोड़फोड़ नोटिस पर हाईकोर्ट से अब्दुल मजीद को राहत



**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी के पिता हम्माद अहमद के पैतृक मकान पर जारी तोड़फोड़ नोटिस के खिलाफ अब्दुल मजीद की याचिका पर सुनवाई की। देश में आतंकवाद का केंद्र बनकर सामने आई फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी के पिता हम्माद अहमद के महू स्थित पैतृक मकान पर जारी तोड़फोड़ नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। यह याचिका इस मकान में रह रहे दखलदार अब्दुल मजीद की ओर से दायर की गई है।

अब्दुल मजीद के अधिवक्ता अजय बागड़िया ने अदालत को बताया कि हम्माद सिद्दीकी अब जीवित नहीं हैं और उन्होंने इस मकान का स्वामित्व अब्दुल मजीद के नाम कर दिया था इसलिए इस संपत्ति के वैध मालिक अब्दुल मजीद हैं। उन्होंने बताया कि महू कैंटोनमेंट बोर्ड ने मकान का अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था, जिसमें तीन दिनों के भीतर कार्रवाई करने को कहा गया। अधिवक्ता के अनुसार नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अतिक्रमण कितना है और किस हिस्से में है।

### पहले भी जारी हुए थे नोटिस

अजय बागड़िया ने कहा कि इसी तरह के नोटिस वर्ष 1996 और 1997 में भी जारी किए गए थे, लेकिन न तो कब्जा हटाया गया और न ही प्रशासन ने कोई कार्रवाई की। ऐसे में केवल तीन दिनों का समय देना अनुचित है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2025 के दिशा-निदेर्शों के अनुसार किसी भी तोड़फोड़ या अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई से पहले कम से कम 15 दिनों का नोटिस देना अनिवार्य है, इसलिए तीन दिन की अवधि आदेश का उल्लंघन है।

### हाईकोर्ट ने दी राहत

सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने फिलहाल याचिकाकर्ता को अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के लिए 15 दिनों की मोहलत दी। साथ ही कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यदि इस संपत्ति के खिलाफ कोई आदेश पारित किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को इसे चुनौती देने के लिए अतिरिक्त 10 दिन का समय भी मिलेगा। अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि यह संपत्ति अब्दुल मजीद को उपहारस्वरूप (गिफ्ट डीड) दी गई थी।

# नशे में धुत चालक ने दौड़ाई कार पुलिसवाले को मारी टक्कर



**दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी थाना इलाके में बीती रात यूपी नंबर की एक कार तेज रफ्तार में आ रही थी, जिसे एक युवक शराब के नशे में चला रहा था। वाहन ने अचानक नियंत्रण खो देकर सब इंस्पेक्टर सचिन की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।

दिल्ली के कालकाजी थाना इलाके में बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में कालकाजी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति फिलहाल नाजुक बताई जा रही है।

### सब इंस्पेक्टर बुरी तरह घायल

जानकारी के मुताबिक, यूपी नंबर की एक कार तेज रफ्तार में आ रही थी जिसे एक युवक शराब के नशे में चला रहा था। वाहन ने अचानक नियंत्रण खो देकर सब इंस्पेक्टर सचिन की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियों की दिशा ही बदल गई और वे पास के बिजली के खंभों से जा टकराईं। हादसे के बाद बिजली के खंभे हवा में लटके रह गए। गनीमत रही कि वे जमीन पर नहीं गिरे, वरना क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था और कई लोग इसकी चपेट में आ सकते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पंजाब में दिल दहला देने वाली वारदात

# घरेलू कलह में पति ने सरकारी स्कूल टीचर पत्नी की हत्या की



**पंजाब।** पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते का हैवान पति खून कर दिया। आरोपी पति ने सरकारी स्कूल टीचर पत्नी की बेहरमी से हत्या कर दी। उसने सो रही पत्नी पर दातर से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत की नींद सुला दिया।

पंजाब में सरकारी स्कूल महिला टीचर की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई। महिला की हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका पति ही है। घटना तरनतारन के कस्बा खडूर साहिब की है। इस पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दातर से महिला पर वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घरेलू कलह में आरोपी ने पत्नी की हत्या की है।

मृतका जसपाल कौर स्थानीय एलिमेंट्री स्कूल में बतौर शिक्षिका तैनात थी। वहीं आरोपी पति अमरबीर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अमरबीर ने शुक्रवार सुबह ही पत्नी की हत्या की घटना को अंजाम दिया है। गोइंदवाल साहिब पुलिस मौके मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है।

मृतका जसपाल कौर के भाई हरपाल सिंह निवासी लुहारका कलां ने पुलिस को बताया कि जसपाल कौर उसकी इकलौती बहन थी। जसपाल कौर की शादी करीब 12 वर्ष पहले खडूर साहिब निवासी अमरबीर सिंह के साथ की थी। शादी के बाद बहन के घर में बेटा जगरूप सिंह पैदा हुआ।

आरोप है कि अमरबीर सिंह अक्सर जसपाल कौर के साथ किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करता रहता था। वीरवार रात को भी जसपाल कौर के साथ अमरबीर सिंह ने गाली-गलौज किया। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे उसने सो रही पत्नी जसपाल कौर पर दातर से वार किए, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

थाना गोइंदवाल साहिब के प्रभारी इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह ने बताया कि आरोपी पति अमरबीर सिंह को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया। हत्या में प्रयोग दातर भी बरामद कर ली है। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद वारिसों को सौंप दिया जाएगा।

# एक ही जगह से भरें फॉर्म वरना जाना पड़ जाएगा जेल




**जिलाधिकारी ने जारी किया निर्देश**

**प्रयागराज।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों में लापरवाही करने वाले बीएलओ चिह्नित किए जा रहे हैं। ऐसे बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है।विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों में लापरवाही करने वाले बीएलओ चिह्नित किए जा रहे हैं। ऐसे बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है।

वहीं डीएम मनीष कुमार वर्मा ने मतदाताओं को सलाह दी है कि अगर एक से अधिक जगह से मतदाता हैं तो सिर्फ एक जगह के लिए ही फॉर्म भरें। एक से अधिक जगह से मतदाता बनने पर एक साल तक की सजा का प्रवधान है। इलाहाबाद व फूलपुर संसदीय सीट के तहत 12 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 46 लाख 92 हजार 860 मतदाता हैं।

### एक लाख से अधिक प्रपत्रों का हुआ डिजिटाजेशन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्रों को प्राप्त करने और उन्हें डिजिटाइज करने की प्रक्रिया में तेजी आई है। हर दो घंटे में डिजिटाइजेशन की सूचना अपडेट की जा रही है। बृहस्पतिवार शाम तक 1,21,717 मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा करते हुए उनके डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

इनमें 25 लाख 42 हजार 206 पुरुष, 21 लाख 49 हजार 884 महिला व 470 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है जो एक से अधिक जगह से मतदाता हैं। कई मतदाताओं के नाम तो चार जगह की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि अगर कोई एक से अधिक जगह से मतदाता है तो केवल एक ही जगह से मतदाता बनने के लिए फॉर्म भरे और अपने फॉर्म पर अन्य जगह से डुप्टीकेट वोटर होने की जानकारी भी दर्ज करे। यदि बाद में कोई एक से अधिक जगह से मतदाता पाया जाता है तो उसे एक साल तक की सजा हो सकती है। डीएम ने बताया कि अगर किसी मतदाता को अपने बीएलओ से संपर्क करना है तो

### चार बीएलओ को दी गई अंतिम चेतावनी

इलाहाबाद दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में तैनात चार बीएलओ अमित कुमार पाल, छवि श्रीवास्तव, मनीषा राय व राजेंद्र यादव को ड्यूटी ज्वाइन न करने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने अंतिम चेतावनी जारी की है। चारों बीएलओ पीडब्ल्यूडी में कार्यरत हैं। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड-एक को लिखे गए पत्र में यह भी कहा गया है कि बीएलओ के रूप में तैनात बीआरसी ऑपरेट अमर सिंह का मोबाइल नंबर तत्काल निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अपडेट कराया जाए। वहीं चारों को तहसील सदर के कमरा नंबर-16 में ड्यूटी प्राप्त करने के लिए बुलाया गया है। ऐसा न करने पर निलंबन व एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर बीएलओ का फोन नंबर उपलब्ध है। टोल फ्री नंबर पर भी वोटर संपर्क करके बीएलओ का नंबर प्राप्त कर सकते हैं।

# फरीदाबाद में व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ आटा चक्की को बनाया गया था केमिकल वर्कशॉप




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला मुजम्मिल शकील गनी फरीदाबाद में रहने के दौरान एक आटा चक्की को केमिकल वर्कशॉप की तरह चला रहा था। वह दिल्ली ब्लास्ट केस में सह-आरोपी भी है। दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को अब बड़ा ब्रेकथ्रू हासिल हुआ है। हरियाणा के फरीदाबाद में मुजम्मिल शकील गनी के ठिकाने से ऐसे सुराग मिले हैं, जो बताते हैं कि यहां एक संगठित व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल लंबे समय से सक्रिय था। इस मॉड्यूल में सामान्य घरों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को विस्फोटक तैयार करने के लिए बदला जा रहा था।

किराये के कमरे में चलता रहा विस्फोटक तैयार करने का काम सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला मुजम्मिल शकील गनी फरीदाबाद में रहने के दौरान एक आटा चक्की को केमिकल वर्कशॉप की तरह चला रहा था। वह दिल्ली ब्लास्ट केस में सह-आरोपी भी है। पुलिस ने यह चक्की और उससे जुड़ा इलेक्ट्रिकल सेटअप एक टैक्सी ड्राइवर के घर से बरामद किया, जहां मुजम्मिल किराये पर रहता था।

### यूरिया और केमिकल पीसकर बना रहा था धमाका सामग्री

आम तौर पर चक्की का इस्तेमाल अनाज पीसने के लिए होता है, लेकिन इसमें लगे स्टील रोलर और ब्लेड किसी भी सॉलिड मटेरियल को महीन पाउडर में बदल सकते हैं। जांच में सामने आया कि मुजम्मिल इसी मशीन से यूरिया और अन्य केमिकल को पीसकर धमाका तैयार करने वाली सामग्री बना रहा था।

### हजारों किलो विस्फोटक सामग्री बरामद

बताया जा रहा है कि धमाके से ठीक एक दिन पहले, 9 नवंबर को, जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद के कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री कब्जे में ली थी। इसके अलावा फरीदाबाद के धौज गांव और आसपास के ठिकानों से लगभग 3,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है। यह साफ संकेत देता है कि मॉड्यूल किसी बहुत बड़े ऑपरेशन की तैयारी में था। खुलासा यह भी हुआ कि विस्फोटक सामग्री का बड़ा हिस्सा एक मौलवी के गुप्त घर में छुपाया गया था, जहां मुजम्मिल ने सिर्फ 1,500 रुपये प्रति माह पर कमरा ले रखा था। एजेंसियों का मानना है कि यही ठिकाना पूरे नेटवर्क का केंद्रीय बिंदु था।

डॉक्टर से टेक्निकल टेरर मॉड्यूल तक यूनिवर्सिटी से जुड़ा था भर्ती और कट्टर नेटवर्क मुजम्मिल शकील पेशे से डॉक्टर था और फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से संबद्ध था। जांच एजेंसियों को यहां से उसके कट्टर नेटवर्क और भर्तियों की कहानी जुड़ती नजर आई। जानकारी के अनुसार, उसने कोविड-19 महामारी के बाद यहां जॉइन किया था। इसी दौरान डॉ. उमर उन नबी नाम का एक और इंटर्न भी उसके साथ जुड़ा और वही बाद में 20 कार में विस्फोट करने वाला सुसाइड बॉम्बर बना।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर हमलाः डर और डिमोलिशन की राजनीति से कारोबारी परेशान



**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कारोबारियों को इतना डरा रही है कि वे अपनी बात खुलकर नहीं कह पा रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का हक है, और सरकार का काम डर फैलाना नहीं होना चाहिए।

सरकार की नजर अब दालमंडी पर है। एक दुकान बनाने में जमाने लग जाते हैं ये लोग पल भर में इसे तोड़ना चाहते हैं। भाजपा की बहुत संकीर्ण सोच हैं। ये साजिश कर रही है। ये चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। इनती सोच बहुत नकरात्मक है। किसी की जीविका छीनने का इनको अधिकारी कैसे मिल गया। ये लोग अधिकारियों के जरिए दबाव बनाते हैं।

### सरकार के फैसले की वजह से व्यापारियों पर संकट आया

अखिलेश यादव ने कहा, दौली के सांसद और दाल मंडी के व्यापारी आए हैं। सरकार के फैसले की वजह से व्यापारियों पर संकट आया है। ये पॉलिटिकल डिमोलिशन है। क्योंकि वो वहां से चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। बीजेपी ने वाराणसी को क्योटो बनाने का दावा किया था। लोगों को परेशान कैसे किया जाए। इस पर काम हो रहा है। पॉलिटिकल प्रोजेक्ट के लिए डिवाइड एंड रूल की नीति अपना रही है।

सरकार को ऐसे शहरों का दौरा करना चाहिए। दाल मंडी वाले दुकानदारों को दरें नहीं। दुकान तो दे देंगे, ग्राहक कहां से देंगे। बीजेपी की सोच संकीर्ण है, वो चौड़ीकरण कैसे कर रहे हैं। ये नकारात्मक सोच वाले हैं। बीजेपी अधिकारियों के माध्यम से डरना, धमकाना चाहते हैं। मॉल बेच दिया। ये बेचने वाले लोग हैं। वरुणा का रिवरफ्रंट रोक दिया। आज मेट्रो जितनी चल रही हैं, वो सपा की देन है। वाराणसी की मेट्रो का डीपीआर हमने तैयार किया था। वाराणसी के मेट्रो को बीजेपी ने रोका है।

अकबरनगर लखनऊ में डिमोलिशन कर दिया। अपनी जगह के लिए मनचाहा मुआवजा लिया। कई साल आगे या कई हजार साल पीछे की बात करते है। वो समय आएगा, जब अधिकारियों से वसूला जाएगा। जनता को दुख देंगे, तो चुनाव हारेंगे। नाले पर रिवरफ्रंट बना रहे हैं। दालमंडी में नहीं जीतती है, इसलिए डिमोलिशन किया जा रहा है। सरकार जाने वाली है। मेरठ के व्यापारियों को बीजेपी ने रिटर्न गिफ्ट दिया है। सपा इनको हराने के लिए पूरी तरह तैयार है। 2024 में चुनाव आयोग भी उनके साथ था। अयोध्या की जनता ने बीजेपी को हराया। अब तक की सबसे करप्ट सरकार है। सिरप वाले सब पकड़े जाएंगे।

### प्रदेश की कानून-व्यवस्था बर्बाद हो गई

इससे पहले अखिलेश यादव ने कहा था कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून-व्यवस्था बर्बाद हो गई है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। लूट और अपहरण की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। भाजपा राज में न व्यापारी सुरक्षित है और न बेटियां। सरकार के पास भाषणों की तुकबंदी और खोखले दावों के अलावा कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक कानून-व्यवस्था को लेकर झूठे दावे करते हैं, हालांकि जमीनी सच्चाई भाजपा सरकार की पोल खोल रही है। एटा के सकीट थाना क्षेत्र में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। प्रयागराज में जार्जटाउन थाने के पास फतेहपुर में तैनात सूचना विभाग के उपनिदेशक का शव मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरी व्यवस्था ध्वस्त कर प्रदेश को अराजकता के रास्ते पर धकेल दिया है।

# कश्मीर टाइम्स दफ्तर पर एसआईए की छापेमारी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में 10 घंटे तलाशी




**जम्मू।** 14 सदस्यीय एसआईए की टीम ने अखबार के मालिक प्रबोध जमवाल के गांधीनगर स्थित घर को भी खंगाला। अखबार पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने और देश के खिलाफ असंतोष फैलाने के आरोपों में एजेंसी ने यह कार्रवाई की है।

एसआईए के प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार सुबह करीब छह बजे एसआईए की दो टीमें कश्मीर टाइम्स के दफ्तर पहुंचीं। एजेंसी ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी ली। बंद पड़े कार्यालय को खोला और जांच शुरू की। एक टीम दोपहर बाद बाहर निकली और जब्त फाइलें लेकर चली गई। इस दौरान एक टीम अंदर जांच करती रही। एजेंसी ने करीब 10 घंटे तक कार्यालय को खंगाला और साक्ष्य जुटाए।

**ये हैं आरोप** : कश्मीर टाइम्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमें संकेत दिया गया था कि यह मीडिया प्लेटफॉर्म कथित रूप से आतंकवादी और अलगाववादी विचारधारा का प्रसार कर रहा है। भड़काऊ, मनगढ़ंत और झूठे आख्यान फैला रहा है। युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का प्रयास कर रहा है। शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने, प्रिंट और डिजिटल सामग्री के माध्यम से भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने का भी आरोप लगाया गया था। कश्मीर टाइम्स प्रबंधन ने जम्मू कार्यालय पर मारे गए छापे की आलोचना की। इसे स्वतंत्र मीडिया संस्थानों को चुप कराने की संगठित कोशिश बताया। संपादक प्रबोध जमवाल और अनुराधा भसीन ने सोशल मीडिया पर जारी संयुक्त बयान में कहा कि लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और उनका उद्देश्य कश्मीर टाइम्स की स्वतंत्र आवाज को दबाना है।

### प्रबोध और अनुराधा से पूछताछ की तैयारी में एसआईए

कश्मीर टाइम्स प्रदेश का एक पुराना अंग्रेजी दैनिक रहा है। बहरहाल लंबे समय से इसका प्रकाशन बंद पड़ा है। संस्थापक वेद भसीन के निधन के बाद अखबार का संचालन उनकी बेटी अनुराधा भसीन और दामाद प्रबोध जमवाल देखते थे। दोनों अब विदेश में हैं। रेजिडेंसी रोड स्थित कार्यालय करीब पांच साल से बंद पड़ा है। अब इस मामले में एसआईए अनुराधा और प्रबोध से पूछताछ की तैयारी में है। पिछले दिनों एलजी मनोज सिन्हा ने जिन 25 पुस्तकों को प्रतिबंधित किया था उसमें अनुराधा की किताब- ए डिसमैंटल्ड स्टेट : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ कश्मीर ऑफ्टर आर्टिकल 370 भी शामिल थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 22 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# आम जनमानस के जीवन में आदर्श, नीति, विनम्रता और कर्तव्य पालन ही श्रीराम के जीवन का सार : डॉ. कुमार विश्वास

## पिलखुवा में शुरू हुआ अपने - अपने राम कार्यक्रम में पहले ही दिन जुटे 15,000 लोग












## अपने-अपने राम कथा में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने किया डॉ. कुमार विश्वास का स्वागत




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को शुरू हुए भव्य अपने-अपने राम कथा कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल द्वारा प्रसिद्ध कवि एवं वक्ता डॉ. कुमार विश्वास का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में करीब 15 हजार रामभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कथा का आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. कुमार विश्वास ने श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति में रामायण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कथा में बताया कि सबसे पहली राम कथा भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनाई थी। भगवान शंकर स्वयं कहते हैं– मैं श्रीराम की पूजा करता हूं। कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि आम जनमानस के जीवन में आदर्श, नीति, विनम्रता और कर्तव्य पालन ही श्रीराम के जीवन का सार है। कार्यक्रम में सांसद मंत्री विधायक रहे मौजूद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री कमला बहन, मंत्री नरेन्द्र कश्यप, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, निवर्तमान सांसद राजेंद्र अग्रवाल, अशोक गोयल, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंच संचालन का दायित्व डॉ. वागेश दिनकर द्वारा अत्यंत प्रभावी तरीके से निभाया गया। साथ ही अंकुर अग्रवाल, संदीप गोयल, संदीप सिंघल, अभिषेक शर्मा सहित अनेक कार्यकताओं ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में संयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने सभी सम्मानित अतिथियों और उपस्थित श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और इसे एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन बताया।

# यशोदा मेडिसिटी और आईएमए ईस्ट दिल्ली ब्रांच ने कैंसर केयर पर किया सेमिनार का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** यशोदा मेडिसिटी ने आईएमए ईस्ट दिल्ली ब्रांच के साथ मिलकर मल्टीडिसिप्लिनरी कैंसर केयर के विकसित होते ढांचे पर केंद्रित एक कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन पर सेमिनार का आयोजित किया। कार्यक्रम में मेडिकल, सर्जिकल, रेडिएशन, ऑर्गन-स्पेसिफिक और सपोर्टिव ऑन्कोलॉजी सहित विभिन्न कैंसर विशेषज्ञताओं के एक साथ काम करने से तैयार होने वाले मरीज-केंद्रित उपचार मार्गों पर चर्चा की गई।

सत्र का नेतृत्व यशोदा मेडिसिटी के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने किया, जिनमें रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी, यूरो-ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। विशेषज्ञों ने सहयोगात्मक कैंसर केयर, बेहतर उपचार योजना और उन प्रगतियों पर अपने विचार साझा किए जो क्लिनिकल परिणामों को बेहतर बना रही हैं। इस दौरान यशोदा इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की क्षमताओं का भी परिचय दिया गया, जो एक पूर्णतः एकीकृत केंद्र है और जहां प्रिवेंटिव, डायग्नॉस्टिक, मेडिकल, सर्जिकल और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं।

डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, ₹निरंतर चिकित्सा शिक्षा क्लिनिकल उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

# वायु प्रदूषण रोकथाम को लेकर नगर आयुक्त की महत्वपूर्ण बैठक, पांच बिंदुओं पर बनी रणनीति

## अब नगर निगम और आवास विकास करेगा साथ काम


नगर निगम की तरह अन्य विभागों के क्षेत्रों में भी प्रतिदिन प्रदूषण रोकथाम के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण और नागरिक सुविधाओं में सुधार को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में आवास विकास और नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।

बैठक में शहर हित में पांच प्रमुख बिंदुओं पर रणनीति तैयार की गई और आवास विकास क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि वायु गुणवत्ता सुधार निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अब यह प्रयास केवल नगर निगम सीमा तक सीमित नहीं रहेगा।

सिद्धार्थ विहार, सिकंदरपुर और अन्य आवास विकास क्षेत्रों में भी वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक गन और धूल नियंत्रित करने वाले उपकरणों का उपयोग करते हुए प्रदूषण रोकथाम की कार्ययोजना लागू की जाएगी। बैठक में आवास विकास विभाग से उप आवास आयुक्त मेरठ जोन अनिल कुमार सिंह, निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विकास गौतम, हवलदार राम, निखिल महेश्वरी और नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता नरेंद्र चौधरी, जलकल विभाग के आश कुमार तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश उपस्थित रहे। नगर निगम का दावा है कि इस संयुक्त कार्रवाई के बाद प्रदूषण नियंत्रण और आधारभूत ढांचे में सुधार की दिशा में आने वाले दिनों में तेजी से बदलाव दिखाई देगा।

### इन विषयों पर हुई चर्चा

**करंट क्राइम :** बैठक में सिद्धार्थ विहार से निकलने वाले कचरे के निस्तारण, आवास विकास क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने, सी एंड डी वेस्ट हटाने, एमआरएफ सेंटर और गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन स्थापित करने और सीवर लाइन और एसटीपी योजनाओं को नगर निगम व्यवस्था से एकीकृत करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए गए। साथ ही नागरिकों की शिकायतों का समाधान एक प्लेटफॉर्म पर करने के लिए आवास विकास को नगर निगम के 311 शिकायत ऐप से जोड़ने पर सहमति बनी।

### दोनों ही विभागों के प्रमुख अधिकारी रहे मौजूद

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम की तरह अन्य विभागों के क्षेत्रों में भी प्रतिदिन प्रदूषण रोकथाम के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए और टीमों को इसके लिए प्रेरित किया जाए। आगामी योजनाओं में विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवर व्यवस्था सुधार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

# गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता संकट गहराया

# चार दिन से एक्यूआई 400 पार

## जनजीवन पर असर डाल रहा है वायु प्रदूषण, सांस लेना हुआ दुष्वार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। बीते चार दिनों से जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार बना हुआ है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बेहद बढ़ गए हैं और आमजन भारी परेशान हैं। शुक्रवार को गाजियाबाद का एक्यूआइ 421 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है।

### पिछले चार दिन का आंकड़ा चिंताजनक तस्वीर पेश करता है–

- ❑ 18 नवंबर : 434
- ❑ 19 नवंबर : 422
- ❑ 20 नवंबर : 430
- ❑ 21 नवंबर : 421

इन आंकड़ों से साफ है कि प्रदूषण स्तर में न कोई गिरावट आई है और न ही सुधार के संकेत दिख रहे हैं। शहर में पूरे दिन वायु में धुंध की मोटी परत छाई रहती है। दृश्यता का स्तर कम हो रहा है, जिससे सड़क और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। प्रदूषित हवा के कारण लोगों की आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में दिक्कत के मामले बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पतालों में सांस संबंधी और एलर्जी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव देखा जा रहा है।

### प्रशासन सतर्क, कई निर्देश लागू

**करंट क्राइम :** बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्रशासन ने बीते दिनों कक्षा 5 तक के सभी स्कूल ऑनलाइन मोड में चलाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों का कहना है कि हालात नहीं सुधरे तो आने वाले दिनों में और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरण का नहीं बल्कि स्वास्थ्य का बड़ा संकट बन चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो इसका गंभीर प्रभाव आने वाले समय में गाजियाबाद के स्वास्थ्य ढांचे और जनजीवन पर दिखाई देगा।

### क्यों उठाया गया यह कदम?

- ❑ ग्रेप स्टेज–3 लागू
- ❑ अदकलगातार सीवियर कैटेगरी के आसपास
- ❑ धूल प्रदूषण और औद्योगिक उत्सर्जन में वृद्धि

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चेतावनी : अस्थमा और सांस संबंधी बीमारियों में तेजी

### जल्द ही और सख्ती की तैयारी

**करंट क्राइम :** सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन निर्माण कार्यों, खुले में कचरा जलाने और धूल फैलाने वाली गतिविधियों पर भी निगरानी बढ़ा रहा है। टीमों को क्षेत्र में निरीक्षण के लिए तैनात किया गया है।

### वायु गुणवत्ता जनस्वास्थ से जुड़ा सवाल, आदेश तुरंत लागू

**करंट क्राइम :** अपर जिला अधिकारी ने कहा गाज़ियाबाद की वायु गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच रही है। ऐसी स्थिति में ईंट–भट्ठों का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार की ढिलाई या उल्लंघन मिलने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ईंट–भट्ठा संचालकों से स्वेच्छा से आदेशों का पालन करने की अपील भी की।

## वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर, सभी ईंट-भट्टे बंद करने का आदेश

### धूल, धुंआ और गंदगी फैलाने पर लगेगा जुर्माना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख़्त कार्रवाई करते हुए जिले में संचालित सभी ईंट–भट्ठों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और लागू ग्रेप स्टेज–3 के दिशा–निर्देशों के तहत लिया गया है। जिले में बीते दिनों वायु गुणवत्ता का स्तर लगातार खतरनाक श्रेणी में बना हुआ है। प्रशासन का कहना है कि ईंट–भट्ठों से निकलने वाला धुआं और उत्सर्जन वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। इस संबंध में 20 नवंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद निर्देश जारी किए गए। आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी ईंट–भट्ठों को अगले आदेश तक बंद रखना अनिवार्य होगा।

# भाजपा के पार्षद ने दिया पैगाम, क्यों नही है विकास वाले बोर्ड पर मेरा नाम

## जब वित्त के खाते से बनी है सड़क तो फिर मेरा नाम लिखने में क्या थी रड़क




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में सारा झगड़ा ही नाम को लेकर होता है और राजनीति में बोर्ड पर नाम ना हो तो फिर फीलिंग भी वो नहीं आती है जो आनी चाहिए। सरकारी अस्पताल में जब कमरों का निर्माण हुआ तो बोर्ड गवाह है कि वहां प्रेरणा स्त्रोत कोई विधायक नहीं, कोई सांसद नहीं, कोई एमएलसी नहीं है।

ये बोर्ड बताता है कि सरकार को सरकारी अस्पताल में 6 कमरों का निर्माण कराने की प्रेरणा लोकसभा सांसद के प्रतिनिधि से मिली है। वैसे एक पत्थर वो भी है जिस पर काली बैकग्राउन्ड में स्वर्ण अक्षरों से एक जनप्रतिनिधि के दो प्रतिनिधियों का नाम अंकित है। अब स्टोन पर नाम होता है तो टोन ही अलग होती है। सबको ये आस होती है कि मेरा नाम होना चाहिए।

अगर पुराने खतों को टटोलेंगे तो ये पता चलेगा कि कभी साहब ने भी सीएम को पत्र लिखा था और डीएम को पत्र लिखा था कि जब हम हैं तो फिर हमारा नाम क्यों नहीं है। इस बार पत्थर पर नाम ना होने का दर्द भाजपा के पार्षद की जुबान से छलका है। उन्होंने पार्षदों के व्हाट्सप ग्रुप पर लिखा और पूछ लिया कि जब सड़क हमारे क्षेत्र में है और उसी वाले फंड से है जिससे हम रिलेट करते हैं तो फिर इस पत्थर पर हमारा नाम क्यों नही है।

मामला नगर निगम के वार्ड संख्या 94 का है। ये इलाका सूर्यनगर क्षेत्र का आता है और यहां से भाजपा के पार्षद कृशन मोहन खेमका उफ शशि खेमका हैं। शशि खेमका के वार्ड में वित्त वाले फंड से एक सड़क का निर्माण हुआ।

इस सड़क का उद्घाटन 5 नवम्बर 2025 को हुआ। 15 वें वित्त से ये काम हुआ है। 68.33 लाख से ये सड़क बनी है। शशि खेमका का कहना है कि जब इस उद्घाटन के पत्थर पर लोकसभा सांसद का नाम है। कैबिनेट मंत्री और विधायक सुनील शर्मा का नाम है।

मेयर सुनीता दयाल का नाम है, यहां तक कि एमएलसी दिनेश गोयल का भी नाम है तो फिर हमें ये तो बताया जाये कि पार्षद का नाम क्यों नहीं है। क्या पार्षद जनप्रतिनिधि नहीं होता है या सड़क वाले पत्थर पर उसकानाम नहीं होता है।

### बागी होकर लड़े थे चुनाव फिर हो गयी थी खेमका की भाजपा में वापसी



**करंट क्राइम।** कृशन मोहन खेमका उर्फ शशि खेमका भाजपाई ही हैं। जब उन्हें टिकट नहीं मिला था तो वो बागी होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े थे। खास बात ये है कि खेमका ने इस वार्ड में भाजपा को हराकर चुनाव जीता और वो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीते। ये अलग बात है कि फिर बाद में उनकी भाजपा में वापसी हो गयी और वो भाजपाई हो गये। अब वो भाजपा पार्षद हैं और उन्होंने निगम पार्षदों के व्हाट्सप ग्रुप पर इसी पीड़ा को रखा कि इतने बड़े विकास के बोर्ड पर पार्षद का ही नाम नहीं है। खेमका ने इसे पार्षदों का अपमान बताया और कहा कि मैं इसे अपमान की तरह महसूस कर रहा हूं।

# कृषि भूमि दिलाने के नाम पर 48 लाख की ठगी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कृषि भूमि दिलाने के नाम पर 48 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव सदरपुर निवासी पीड़ित सचिन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव कन्नौजा निवासी रामकिशन व उसके साथियों ने उसे कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर 48.80 लाख रुपये एडवांस के रूप में ले लिए थे, जबकि शेष राशि रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई थी।सचिन के अनुसार बाद में जानकारी मिली कि आरोपी रामकिशन ने जिस भूमि का सौदा किया था, उसी का इकरारनामा किसी अन्य व्यक्ति से भी कर रखा है। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उस पर हमला करते हुए लोहे की सरिया से सिर फोड़ दिया। इस मामले में थाना पुलिस ने आरोपी रामकिशन समेत दिपांशु, तरुण, नेहा और तन्नु निवासी कन्नौजा गांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एडिशनल सीपी ने बताया कि पुलिस ने नामजद आरोपी रामकिशन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# दूसरे टेस्ट से भी बाहर हुए कप्तान शुभमन

## इलाज के लिए मुंबई जाएंगे, गुवाहाटी में पंत संभालेंगे कमान

**मुंबई।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से एक बड़ा अपडेट सामने आया है। कप्तान शुभमन गिल दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। उन्हें पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते समय गर्दन में चोट लगी थी। इसके बाद वह पहली पारी में ठीक से बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे और रिटायर्ड हर्ट हुए थे और फिर दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे थे। उन्हें तुरंत चेक अप के लिए ले जाया गया था। अब वह दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं।

### बीसीसीआई सचिव ने दिया अपडेट

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने जानकारी देते हुए बताया कि, 'टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान गर्दन की चोट से जूझ रहे थे, वह गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लगी थी और दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। उन्हें निगरानी में रखा गया और अगले दिन डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद 19 नवंबर 2025 को वे गुवाहाटी पहुंचे। हालांकि, वे पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं और इसी कारण वे दूसरे टेस्ट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। आगे की जांच और इलाज के लिए अब वे मुंबई रवाना होंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे।'



### भारत के लिए बड़ा झटका

भारत के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट हार गई थी। टीम 124 रन के लक्ष्य को भी नहीं हासिल कर सकी थी और 30 रन पीछे रह गई थी। तब गिल की कमी काफी खली थी। अब दूसरे टेस्ट में उनकी गैरमौजूदगी से नुकसान हो सकता है। भारत पहले ही 0-1 से पीछे है और क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है।

**बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने जानकारी देते हुए बताया कि, 'टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान गर्दन की चोट से जूझ रहे थे, वह गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।**

### पंत पहली बार करेंगे टेस्ट में कप्तानी

पंत टेस्ट में पहली बार कप्तानी करते दिखेंगे। यह उनके लिए खुद को साबित करने का बड़ा मौका है। पंत पिछले टेस्ट में कुछ खास बल्लेबाजी नहीं कर सके थे। पहली पारी में वह 27 रन और दूसरी पारी में दो रन बनाकर आउट हुए थे। अब वह अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को जीत दिलाकर सीरीज में वापसी कराना चाहेंगे। यह भारत के लिए अहम मुकाबला है।

गिल की जगह साई सुदर्शन को चौथे नंबर पर खेलने का मौका मिल सकता है। या फिर गंभीर की ऑलराउंडर वाली रणनीति के तहत नीतीश रेड्डी को भी मौका दिया जा सकता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारत की उम्मीदें कायम, लक्ष्य सेन ने आयुष को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**सिडनी।** भारत के लिए अब नजरें लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग जोड़ी पर टिकी हैं। यदि सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारत के लिए पदक की उम्मीदें और मजबूत हो सकती हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने अपने हमवतन और युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे सेटों में 23-21, 21-11 से पराजित किया। यह मुकाबला शुक्रवार को सिडनी में खेला गया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने इस साल पहले भी हॉन्गकॉन्ग ओपन में शेट्टी को इसी चरण में हराया था। इस जीत ने लक्ष्य की लय और आत्मविश्वास दोनों को मजबूती दी है, खासकर तब जब वे इस सत्र में अभी तक कोई खिताब नहीं जीत सके हैं।



**पहला गेमः रोमांचक मुकाबला**

पहला गेम बेहद कड़ा और उतार-चढ़ाव भरा रहा। शुरूआत में लक्ष्य पीछे चल रहे थे और आयुष शेट्टी 9-6 की बढ़त लिए हुए थे, लेकिन लक्ष्य ने शानदार वापसी करते हुए लगातार 4 अंक लेकर 13-10 की बढ़त बना ली। इसके बावजूद शेट्टी ने हार नहीं मानी और लगातार रैलियों में लय बनाए रखी। स्कोर 21-21 पर बराबरी पर था, लेकिन आखिरकार अनुभव और संयम ने लक्ष्य सेन को पहला गेम 23-21 से दिला दिया।

**दूसरा गेमः लक्ष्य का दबदबा**

दूसरे गेम में लक्ष्य का आत्मविश्वास पूरी तरह नजर आया। उन्होंने शुरूआत से ही 6-1 की बढ़त बना ली और फिर शेट्टी मैच की रफ्तार पकड़ नहीं पाए। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, लक्ष्य और मजबूती से खेलते गए और स्कोर 15-7 तक पहुंच गया। अंत में लक्ष्य सेन ने 21-11 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

**अब मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से**

सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना टूनार्मेंट के दूसरे सीड चोउ तियेन चेन से होगा। चेन वर्तमान में विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर हैं और 2018 एशियन गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट भी रह चुके हैं।

# गिल की अनुपस्थिति में पंत पर रहेगी नेतृत्व की जिम्मेदारी, नीतीश को मिलेगा मौका ?

**गिल की अनुपस्थिति में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। पंत के लिए नेतृत्व करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाना आसान नहीं रहेगा।**



**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम शनिवार से गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे थे और अब उन्हें इस पहेली का जवाब ढूंढना होगा। भारत को मैच से पहले झटका भी लगा है क्योंकि नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर किया गया है।



टीम हर हाल में इस टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज गंवाने से बचना चाहेगी।

गिल की अनुपस्थिति में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। पंत के लिए नेतृत्व करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाना आसान नहीं रहेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए तो और भी कठिन परीक्षा आने वाली है, जिनके अक्सर उलझाने वाले फैसलों ने ड्रेसिंग रूम और थिंक टैंक को स्पष्टता के लिए जूझने पर मजबूर कर दिया है। इन सब चीजों के बीच भारतीय

### गिल की जगह किसे मिलेगा स्थान?

अब जबकि यह तय हो गया है कि गिल इस टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि प्लेइंग-11 में उनकी जगह कौन लेगा? यह शुरू से ही स्पष्ट था कि गर्दन में अकड़न के कारण गिल दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की दौड़ में नहीं थे, लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आखिर तक संशय बनाए रखा।

### दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका की संभावित प्लेइंग-11:

**भारतः** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल/ नीतीश रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मार्करम, रेयान रिक्लेटन, वियान मुल्डर, तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डि जॉर्जी, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेने (विकेटकीपर), मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, साइमन हार्मर, केशव महाराज।



# पलाश मुच्छल ने विश्व कप फाइनल के वेन्यू पर मंधाना को किया प्रपोज

**मुंबई।** मशहूर कंपोजर पलाश मुच्छल ने महिला विश्व कप के फाइनल के वेन्यू डीवाई पाटिल स्टेडियम ले जाकर भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधना को प्रपोज किया है। मंधाना और पलाश जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले है।

मंधाना ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक रील के जरिये पलाश के साथ सगाई पर मुहर लगाई थी और अब पलाश ने भी इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह मंधाना को उसी जगह लेकर गए जहां दो नवंबर को भारत ने विश्व विजेता का खिताब जीता था।



**दक्षिण अफ्रीका को हराकर जीता था खिताब**

भारतीय महिला टीम ने इस महीने की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला विश्व कप का खिताब जीता था। इस जीत में मंधाना की अहम भूमिका रही थी जिन्होंने पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। वह वनडे विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। अब मंधाना और पलाश की शादी होने जा रही है। दोनों 23 नवंबर को शादी करेंगे।

**पलाश ने दिया मंधाना को सरप्राइज**

पलाश ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें दिख रहा है कि वह मंधाना की आंख में पट्टी बांधकर डीवाई पाटिल स्टेडियम लाए और उन्होंने पिच पर आकर उनकी आंखों से पट्टी हटाई। पलाश ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'उसने हां कह दिया है।'

मंधाना की आंख से जब पट्टी हटी तो उन्होंने देखा कि पलाश घुटने पर बैठे हुए हैं और उन्होंने प्रपोज कर रहे हैं। मंधाना के चेहरे पर इस सरप्राइज की खुशी साफ देखने मिली और उन्होंने पलाश का प्रपोजल स्वीकार किया। इसके कुछ देर बाद पलाश और मंधाना के दोस्त भी पिच पर पहुंचे और सबने मिलकर इस पल का आनंद उठाया।

**शादी की तैयारियां जोरों पर**

स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल महाराष्ट्र के सांगली गांव में सात फेरे लेंगे। 23 नवंबर को दोनों विवाह सूत्र में बंधेंगे। इस हाईप्रोफाइल शादी के आमंत्रण कार्ड इंदौर में पलाश परिवार के रिश्तेदारों व मेहमानों को भी बंटे हैं।

शादी और उसके बाद होने वाली पार्टी सांगली में होगी। शादी के बाद इंदौर में रिसेप्शन देने की योजना अभी मुच्छल परिवार ने नहीं बनाई है। बताया जा रहा है कि पलाश व स्मृति शादी के बाद एक पार्टी मुंबई में दे सकते हैं, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सितारे और क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मंधाना को पत्र लिखकर उनके विवाह के लिए उन्हें बधाई दी थी।

# स्मिथ और पनेसर भिड़े, सैंडपेपर-गेट स्कैंडल और मास्टरमाइंड को लेकर तकरार तेज

**पर्थ।** दोनों टीमों के बीच यह जुबानी जंग दिखाती है कि मुकाबला कितना तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धी होने वाला है। पनेसर और स्मिथ की इस बहसबाजी ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के फैंस के बीच भी बहस और मजाक का नया दौर शुरू कर दिया है। एशेज की शुरूआत हो चुकी है और इस तरह के माइंड गेम्स से रोमांच और बढ़ रहा है।

एशेज 2025 शुरू होने से पहले ही इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच माहौल गर्म हो चुका है। इस बार मैदान पर बैट और बॉल से पहले जुबानी वार-पलटवार ने मुकाबले की गर्मी बढ़ा दी है। पूर्व इंग्लिश स्पिनर मोंटी पनेसर और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ के बीच सैंडपेपर-गेट और एक ळश क्विज शो को लेकर छिड़ी यह बहस क्रिकेट जगत में चर्चा का बड़ा मुद्दा बन गई है।

**पनेसर ने स्मिथ को याद दिलाया सैंडपेपर-गेट**

पनेसर ने हाल ही में कहा था कि इंग्लैंड को स्मिथ को 2018 के सैंडपेपर विवाद की याद दिलाकर मानसिक दबाव में लाना चाहिए। उनका कहना था कि इंग्लिश खिलाड़ी स्मिथ को गलती महसूस कराकर फायदा उठा सकते हैं। यह बयान पहले ही ऑस्ट्रेलियाई खेमे में हलचल मचा चुका था। जब स्मिथ से इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने सीधे जवाब देने के बजाय पनेसर के 2019 के सेलिब्रिटी मास्टरमाइंड शो के क्लिप का मजाक उड़ाते हुए तंज कस दिया।



स्मिथ ने मीडिया से कहा, 'जिसने भी मोंटी पनेसर की मास्टरमाइंड क्लिप देखी है, वो समझ जाएगा मैं क्या कह रहा हूं। किसी को अगर लगता है कि एथेंस जर्मनी में है, या ओलिवर ट्विस्ट मौसम का एक सीजन है, तो उनकी बातों से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' स्मिथ का ये बयान साफ दिखाता है कि वह पनेसर को जवाब देने के लिए पुरानी गलतियों को सामने लाकर मजाकिया अंदाज में पलटवार करना चाहते थे।

लेकिन इस जवाब ने बहस को और भी तूल दे दिया। स्मिथ की चुटकी से पीछे हटने के बजाय पनेसर और भी तीखे अंदाज में सामने आए।

## पर्थ में स्टार्क का कहर

# 7 विकेट लेकर बनाया रिकॉर्ड, 35 साल में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज

**पर्थ।** 2025 स्टार्क 21वीं सदी में घरेलू एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए एक पारी में सात विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं। वहीं, वह 35 साल में एशेज टेस्ट के पहले दिन सात विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं।

पर्थ में जारी एशेज के पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का कहर देखने को मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में 33 ओवर के अंदर 172 रन पर सिमट गई। स्टार्क ने कहर बरपाते हुए 58 रन देकर सात विकेट झटके। उन्होंने जैक क्राउली (0), बेन डकेट (21), जो रूट (0), कप्तान बेन स्टोक्स (6), जेमी स्मिथ (33), गस एटकिंसन (1) और मार्क वुड (0) के विकेट लिए। यह उनकी टेस्ट करियर की अब तक की सबसे बेहतरीन गेंदबाजी है। यह पर्थ स्टेडियम में अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत गेंदबाजी रिकॉर्ड भी है।

स्टार्क 21वीं सदी में घरेलू एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए एक पारी में सात विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं।

वहीं, वह 35 साल में एशेज टेस्ट के पहले दिन सात विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। उनसे पहले 1990 में वाका में क्रेग मैकडरमॉट ने ऐसा किया था। स्टार्क के हर स्पेल में स्विंग और पेस का शानदार कॉम्बिनेशन देखने को मिला। उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉर्ट और फुल लेंथ, दोनों तरह की गेंदों पर परेशान किया।

इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले कई दौरे पर पहले टेस्ट में ओपनिंग में संघर्ष करता आया है।

**स्टार्क के डेब्यू के बाद से पारी के पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट**

| गेंदबाज | पहले ओवर में कुल विकेट |
|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 24 |
| जेम्स एंडरसन | 19 |
| केमार रोच | 10 |

**ओपनिंग साझेदारी इस प्रकार रही है-**

| सीरीज और स्थान | ओपनिंग साझेदारी |
|---|---|
| 2010/11, ब्रिस्बेन | 0 |
| 2013/14, ब्रिस्बेन | 28 |
| 2017/18, ब्रिस्बेन | 2 |
| 2021/22, ब्रिस्बेन | 0 |
| 2025/26, पर्थ | 0 |



# पर्थ में पहले दिन का खेल समाप्त, ऑस्ट्रेलिया 123/9, इंग्लैंड से अब 49 रन पीछे, स्टोक्स को 5 विकेट

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज के पहले टेस्ट की शुरूआत हो चुकी है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड की पहली पारी 172 रन पर समाप्त हुई।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज के पहले टेस्ट की शुरूआत हो चुकी है। पहला मुकाबला पर्थ में जारी है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग-11 में नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर रखा है। वहीं, इंग्लैंड ने कोई स्पिनर नहीं रखा है और टीम चार तेज गेंदबाज के साथ उतरी है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 33 ओवर के अंदर 172 रन पर सिमट गई। मिचेल स्टार्क ने कहर बरपाते हुए सात विकेट झटके, जबकि डेब्यूटेंट डॉगेट को दो विकेट मिले।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 123 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। फिलहाल नाथन लियोन और ब्रैंडन डॉगेट क्रीज पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत भी खराब रही। ऑस्ट्रेलिया ने वेदराल्ड के साथ ओपनिंग के लिए उस्मान ख्वाजा की जगह मार्नस लाबुशेन को भेजा था। डेब्यू कर रहे वेदराल्ड खाता खोले बिना आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया।

इसके बाद आर्चर ने मार्नस लाबुशेन को बोल्ड किया। गेंद लाबुशेन के हाथ पर लगकर विकेट पर जा लगी। वह नौ रन बना सके। इसके बाद ब्राइडन कार्स ने स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा को आउट किया। स्मिथ 17 रन और ख्वाजा दो रन बना सके। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने ट्रेविस हेड को ब्राइडन कार्स के हाथों कैच कराया। हेड 21 रन बना सके। इसके बाद स्टोक्स ने कैमरून ग्रीन को विकेटकीपर जेमी के हाथों कैच कराया। वह 24 रन बना सके। मिचेल



स्टार्क भी 12 रन बनाकर स्टोक्स का शिकार बने। स्टोक्स को चौथी सफलता एलेक्स कैरी के रूप में मिली। कैरी 26 रन बनाकर आउट हुए। स्टोक्स ने पांचवीं सफलता स्कॉट बोलैंड के रूप में हासिल की।

### इंग्लैंड की पहली पारी, रूट खाता भी नहीं खोल सके

इंग्लैंड का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला हालांकि, गलत साबित हुआ है और टीम ने 40 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए हैं। इंग्लैंड को पहले ही ओवर में झटका लगा जब स्टार्क ने पहले ही ओवर में जैक क्राउली को आउट किया। क्राउली खाता नहीं खोल सके। इसके बाद स्टार्क ने बेन डकेट और जो रूट को भी पवेलियन भेजा। डकेट 20 गेंद में 21 रन बनाकर एल्बीडब्ल्यू आउट हुए। वहीं, जो रूट खाता खोले बिना स्टार्क की गेंद पर स्लिप में लाबुशेन को कैच थमा बैठे।

### ब्रूक का अर्धशतक, पोप अर्धशतक से चूके

इसके बाद ब्रूक ने ओली पोप के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को कैमरून ग्रीन ने तोड़ा। उन्होंने पोप को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। पोप अर्धशतक से चूक गए और 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स को भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा। स्टार्क ने स्टोक्स को क्लीन बोल्ड किया। वह छह रन बना सके। इसके बाद डेब्यूटेंट डॉगेट ने हैरी ब्रूक को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। ब्रूक 52 रन बना सके। इसके तुरंत बाद ने स्टार्क ने गस एटकिंसन को आउट किया। वह एक रन बना सके। स्टार्क की यह इस पारी में पांचवीं सफलता रही।

डॉगेट ने फिर ब्राइडन कार्स को लाबुशेन के हाथों कैच कराया। वह छह रन बना सके। इसके बाद आखिरी के दो बल्लेबाजों को स्टार्क ने चलता किया। जेमी स्मिथ 22 गेंद में 33 रन और मार्क वुड खाता खोले बिना आउट हुए। इस तरह स्टार्क की दमदार गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड की टीम बेबस नजर आई। स्टार्क-डॉगेट के अलावा एक विकेट कैमरून ग्रीन को मिला। इंग्लैंड की टीम साढ़े चार घंटे भी बैटिंग नहीं कर सकी।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए दो खिलाड़ियों का डेब्यू

ऑस्ट्रेलिया की टीम में दो खिलाड़ी डेब्यू कर रहे हैं। तेज गेंदबाज बेन डॉगेट और बल्लेबाज जेक वेदराल्ड को खेलने का मौका मिला है। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में ये दोनों खेलने उतरे हैं। वेदराल्ड ख्वाजा के साथ ओपनिंग करेंगे और वह डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद ख्वाजा के छठे ओपनिंग साथी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग-11:

जेक वेदराल्ड (डेब्यू), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डॉगेट (डेब्यू)।

### इंग्लैंड प्लेइंग-11:

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), मार्क वुड।


# फरवरी में शुरू हो सकता है टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अगले साल भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में टूनार्मेंट का आयोजन होना है।

टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अगले साल भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में टूनार्मेंट का आयोजन होना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात फरवरी से टूनार्मेंट की शुरूआत हो सकती है जिसका फाइनल मुकाबला आठ मार्च को खेला जा सकता है। बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान की टीमें इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ सकती हैं।

**अहमदाबाद या कोलंबो में खेला जा सकता है फाइनल**

भारत स्वदेश में होने वाले विश्वकप में गत चैंपियन के रूप में उतरेगा। टीम ने पिछले साल जून में बारबडोस में पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।




# क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया के सुपुत्र वर्तुल सिसौदिया का सगाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया के सुपुत्र वर्तुल सिसौदिया का सगाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सतेन्द्र सिसौदिया के सुपुत्र वर्तुल सिसौदिया की सगाई नरेश तोमर की सुपुत्री जान्हवी के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस शुभ अवसर पर राजनीति और समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर आशीर्वाद प्रदान किया। विवाह समारोह 30 नवंबर को आयोजित होगा। सगाई समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया और उनके परिवार ने किया।

## गर्ग परिवार में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा नेता अभिषेक गर्ग के पारिवारिक सदस्य अनुराग गर्ग के यहां गुरूवार को मंगल कार्य सम्पन्न हुए। हैरिटेज इन में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। इस शुभ अवसर पर गर्ग परिवार के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

## सपा आज मनाएगी नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती

### पुष्पांजलि और भंडारे का होगा आयोजन, एमएमजी में बांटे जाएंगे फल



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी की ओर से शनिवार को पार्टी संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव नेताजी की जयंती पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निदेर्शानुसार आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के तहत सुबह 11:30 बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय, 4 आरडीसी राजनगर गाज़ियाबाद में नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही उनके जीवन, विचारों और समाजवादी संघर्ष पर आधारित विचार गोष्ठी आयोजित होगी। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 12:30 बजे एमएमजी अस्पताल के सामने, अग्रवाल स्वीट, नई बस्ती के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं, नागरिकों और समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि नेताजी का जीवन संघर्ष, समाजवाद, किसान हितैषी नीतियों और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उनका जन्मदिन समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का अवसर है।

## पुलिस ने ठगी गई धनराशि वापस लौटाई, पीड़ित ने आभार व्यक्त किया

**लोनी ( करंट क्राइम)।** लोनी थाना पुलिस ने बुधवार को साइबर ठगों द्वारा ठगी गई करीब 95 हजार की धनराशि को वापस लौटाया। ठगी गई धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। लोनी थाने की कस्बा चौकी में सिपाही के पद पर तैनात बुलंदशहर निवासी नीरज राठी अपने भाई मनोज राठी का क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करते है। उन्होंने दस अक्तूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि ठगों ने दो और तीन अक्टूबर को तीन बार में करीब 95 हजार रुपये की ठगी कर ली। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ठगी गई धनराशि को होल्ड कराया गया।

## तीन मनचलों ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की परिजनों ने थाने में दी तहरीर

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने पड़ोस में रहने वाले तीन युवकों पर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने युवकों के परिजनों से मामले की शिकायत की तो महिला के साथ अभद्रता कर मारपीट की।



### विरोध करने पर परिजनों के साथ मनचलों ने की मारपीट

महिला ने एसीपी लोनी से मामले की शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोनी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में तलाकशुदा महिला दो पुत्रीयों व तीन पुत्रों के साथ रहती है। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम उसकी 14 वर्षीय पुत्री मौसी के घर से वापस घर लोट रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले तीन युवकों ने उसके साथ अभद्रता की। पुत्री ने घर पहुंच कर उन्हें जानकारी दी। जिस पर वह युवकों के घर शिकायत करने पहुंची तो युवकों के परिजनों ने उनके साथ भी अभद्रता कर मारपीट की।

मारपीट में उनके कपड़े फट गये। वह किसी तरह से घर पहुंची और स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने युवकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। उन्होंने गुरुवार को मामले की शिकायत एसीपी लोनी से की। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Sanjeev Gupta is with Surbhi Gupta and 2 others.
13h ·

*Happy Marriage Anniversary* 🌹हमारे परिवार की लाडली छोटी बहू प्रियंका और प्रिय पुत्र आशुतोष गुप्ता की वैवाहिक वर्षगाँठ पर हमारे पूरे परिवार की ओर से बहुत बहुत शुभकामनाएं, तथा मेरे व धर्मपत्नी रश्मि गुप्ता जी एवं अभिषेक गुप्ता एवं सुरभि गुप्ता की ओर ढेर सारा आशिर्वाद। तथा तास्विक और टियारा सहित सभी बच्चों की ओर से ढेर सारा प्यार 🌹 हमेशा खुश रहो मेरे बच्चों, और समाज में पूरे परिवा... See more



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपनी लाडली छोटी बहू प्रियंका और पुत्र आशुतोष गुप्ता की मैरिज ऐनीवर्सरी पर पूरे परिवार की ओर से उन्हें शुभकामनांए दी और आशीर्वाद दिया। समरकूल चेयरमैन और गुप्ता परिवार के मुखिया संजीव गुप्ता यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# दक्षिण कोरिया के हटाए गए राष्ट्रपति यून की बढ़ी मुश्किलें, जवान के डूबने की जांच दबाने का आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के हटाए गए राष्ट्रपति यून सुक योल एक बार फिर गंभीर कानूनी संकट में घिर गए हैं। शुक्रवार को अभियोजन पक्ष ने उन पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2023 में बाढ़ राहत अभियान के दौरान डूबकर मारे गए मरीन जवान चाए सु-ग्यून की जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। यह मामला यून के खिलाफ चल रहे कई आपराधिक मामलों में एक और बड़ा जोड़ है, जिसने देश की राजनीति में उथल-पुथल मचा रखी है।

अधिकारियों के अनुसार, यून और उनके कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने मरीन कॉर्प्स की शुरूआती जांच रिपोर्ट को बदलवाने का दबाव डाला। इस रिपोर्ट में एक डिविजन कमांडर सहित आठ लोगों को जवान की मौत का जिम्मेदार

**दक्षिण कोरिया के हटाए गए राष्ट्रपति यून सुक योल पर नए आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने 2023 में डूबकर मरे मरीन जवान की जांच रिपोर्ट को बदलवाने की कोशिश की। स्वतंत्र सलाहकारों के मुताबिक, यून और शीर्ष अधिकारियों ने दोषियों की सूची में शामिल डिविजन कमांडर का नाम हटाने के लिए दबाव डाला।**



बताया गया था। लेकिन यून ने कमांडर का नाम शामिल करने पर नाराजगी जताई और रिपोर्ट को संशोधित करने का निर्देश दिया। बाद में स्वतंत्र सलाहकार ने इस कार्रवाई को सत्ता के दुरुपयोग की श्रेणी में रखा।

### जांच रिपोर्ट में बदलाव का आरोप

स्वतंत्र सलाहकार चुंग मिन-यॉन्ग के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने मरीन कॉर्प्स पर दबाव बनाया कि रिपोर्ट से डिविजन कमांडर का नाम हटाया जाए।

हालांकि, जांच दल के प्रमुख पार्क जंग-हुन ने इस दबाव को मानने से इनकार किया और मूल रिपोर्ट पुलिस को भेज दी। इसके बाद यून ने आदेश दिया कि पुलिस से रिपोर्ट वापस ली जाए और पार्क के खिलाफ अवज्ञा का मामला चलाया जाए।

### जांच अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

सलाहकार चुंग का कहना है कि पार्क की जांच कानूनी प्रक्रिया और सिद्धांतों के अनुरूप थी, लेकिन यून और अन्य आरोपित अधिकारियों ने ह्लसंगठित तरीके सेह्व अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया। उनका कहना है कि इस हस्तक्षेप ने मरीन कॉर्प्स की जांच टीम की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को गंभीर रूप से प्रभावित किया। इस मामले ने सेना के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### यून के खिलाफ पुराने मामले भी जारी

यून पहले से ही विद्रोह रचने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। उन पर दिसंबर 2023 में मार्शल लॉ लगाने और राजनीतिक उथल-पुथल पैदा करने का आरोप है। यह मुकदमा अभी जारी है और इसका फैसला अगले वर्ष आने की संभावना है। यदि आरोप साबित होते हैं, तो उन्हें आजीवन कारावास या मृत्युदंड जैसी कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है। यून इस समय जेल में हैं और उन्होंने हालिया आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इस महीने की शुरूआत में यून पर एक और मामला दर्ज हुआ था, जिसमें आरोप था कि उन्होंने उत्तर कोरिया के ऊपर ड्रोन उड़ाने का आदेश दिया ताकि सैन्य तनाव बढ़े और मार्शल लॉ लगाने के लिए माहौल तैयार किया जा सके। अब मरीन जवान की मौत की जांच में हस्तक्षेप का नया आरोपपत्र उनके कानूनी संकट को और गहरा कर रहा है। स्वतंत्र जांच दल के अनुसार, यह पूरा घटनाक्रम राज्य सत्ता के दुरुपयोग का संगठित उदाहरण है।

# बांग्लादेश के नरसिंगडी में 5.5 तीव्रता का भूकंप

## तीन लोगों की मौत, भारत में भी लगे झटके

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई है। भूकंप से जुड़ी घटनाओं पर नजर रखने वाली अमेरिकी एजेंसी-वरत्रह्व के मुताबिक भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंगडी के पास रहा। पड़ोसी देश में अब तक तीन लोगों के हताहत होने की खबर है।

बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद पश्चिम बंगाल में भी तेज झटके महसूस किए जाने की खबर है। अमेरिकी एजेंसी-वरत्रह्व ने बताया है कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंगडी के पास रहा। फिलहाल, किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक बांग्लादेश में तीन लोगों की मौत हुई है। कुछ लोगों के घायल होने की खबर भी आई है। स्थानीय अधिकारियों ने फिलहाल हताहतों के संबंध में आंकड़े जारी नहीं किए हैं। इस संबंध में सूचनाएं लगातार अपडेट हो रही हैं।

ढाका के रिहायशी इलाके में इमारतों को नुकसान, राहत-बचाव




### एजेंसियां सक्रिय

भूकंप के कारण ढाका में कुछ जगहों पर मकान को नुकसान हुआ है। नगरसिंडी में लगे झटकों के बाद राहत और बचाव कार्य की एजेंसियां प्रभावित इलाकों में पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। खबर लिखे जाने तक किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है।

# आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां देने वाले कानून के खिलाफ हाईकोर्ट के चार जज, चुनौती देने की इजाजत नही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के 27वें संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट के बाद देश की हाईकोर्ट के जजों ने भी आपत्ति जताई है। बताया गया है कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चार जज शहबाज शरीफ सरकार की तरफ से लाए गए 27वें संविधान संशोधन को चुनौती देना चाहते थे, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही इन जजों को इजाजत नहीं दी और इन सभी को हाल ही में बनाए गए संघीय संविधान अदालत (एफसीसी) जाने के निर्देश दिए।



पाकिस्तान में एक हफ्ते पहले ही संविधान के 27वें संशोधन को अंजाम दिया गया। संसद के दोनों सदनों में इसे मंजूरी मिलने के बाद अब देश में ह्यचीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेजह्व के नए पद के सृजन हुआ है। इसके अलावा फील्ड मार्शल को आजीवन पद पर बने रहने देने की शक्तियां मिल गई हैं। दूसरी तरफ सांविधानिक अदालत की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद से फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की शक्तियों में इजाफा हो गया है व अब आजीवन फील्ड मार्शल बने रहेंगे। यहां तक कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रक्षा मामलों में सरकार के सलाहकार के तौर पर भूमिका निभाते रहेंगे और उन्हें किसी भी मामले में संरक्षण (इम्युनिटी) दी गई है।

पाकिस्तान के अखबार द डॉन की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार एजाज इशाक खान और जस्टिस समन रिफत इम्तियाज ने संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत अपनी आपत्तियां सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को भेजी थीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि जिस अनुच्छेद 184(3) के तहत सर्वोच्च न्यायालय पहले मौलिक अधिकारों को लागू कराने की जिम्मेदारी लेता था, उससे अब वह शक्तियां ही छीन ली गई हैं।

द डॉन के सूत्रों के मुताबिक, यह सभी जज सुप्रीम कोर्ट के सामने निजी तौर पर याचिका के साथ पेश नहीं हुए थे। न ही इनमें से किसी ने भी अपना बायोमेट्रिक सत्यापन कराया था। हालांकि, वे संविधान के 27वें संशोधन को लेकर लंबे समय से चिंता जताते आ रहे थे और इसे पहले से तय न्यायिक स्वतंत्रता की प्रणाली को तोड़ने की बढ़ी हुई कोशिशें करार दे रहे थे।

इन जजों का आरोप था कि संविधान के 26वें संशोधन से ही न्यापालिका की स्वतंत्रता को छीनने की कोशिश की जा रही थी और अब यह और तेज कर दी गई।

# 'किसी जूनियर अधिकारी को नहीं सौपेंगे जी20 की अध्यक्षता'

## अमेरिका से विवाद के बीच दक्षिण अफ्रीका की दो टूक

**केपटाउन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से सार्वजनिक मंचों पर दक्षिण अफ्रीका को लेकर दिए गए बयानों और उनके जी20 सम्मेलन में न आने की पुष्टि होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह जी20 अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हस्तांतरण किसी जूनियर अमेरिकी अधिकारी को नहीं करेगा। गौरतलब है कि यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब व्हाइट हाउस के अधिकारी ने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अनुचित टिप्पणी न करने की चेतावनी दी।

बता दें कि जी20 आयोजनों में अब तक चलन रहा है कि जो भी देश इस संगठन की अगली अध्यक्षता संभालता है, उसके राष्ट्र प्रमुख या



**जी20 आयोजनों में अब तक चलन रहा है कि जो भी देश इस संगठन की अगली अध्यक्षता संभालता है, उसके राष्ट्र प्रमुख या विशेष नेता-प्राधिकारी ही आयोजक देश से अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हैंडओवर लेता है, हालांकि अमेरिका, जिसे जी20 की अध्यक्षता संभालनी थी।**

विशेष नेता-प्राधिकारी ही आयोजक देश से अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हैंडओवर लेता है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जी20 का बहिष्कार करने का संकेत दिया है।

इसके बाद अमेरिका ने जी20 अध्यक्षता के हस्तांतरण के लिए आठ सदस्यीय एक दल को भेजने के लिए दक्षिण अफ्रीका से अनुमति मांगी। इसका नेतृत्व अमेरिका के राजनयिक मार्क जिलार्ड करेंगे। इसे लेकर पहले राष्ट्रपति रामाफोसा ने सौहार्दपूर्ण रुख अपनाया था, लेकिन देर शाम उनके प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राष्ट्रपति किसी जूनियर अधिकारी को अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे।

स्थानीय मीडिया से बातचीत में मैग्वेन्या ने कहा, राष्ट्रपति किसी राजनयिक (चार्ज डीह्लअफेयर्स) को जी20 की अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। यह स्थापित प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। दुनिया का कोई भी राष्ट्राध्यक्ष ऐसा नहीं करेगा।

दक्षिण अफ्रीका में व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट की टिप्पणी को लेकर भी नाराजगी है। विश्लेषकों ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताते हुए कूटनीतिक शिष्टाचार का उल्लंघन बताया। लेविट ने कहा था, मैंने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति को आज अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ कुछ बोलते हुए देखा।

## ईरान की तेल तस्करी पर अमेरिकी कार्रवाई

# भारत की दो कंपनियां भी नए प्रतिबंधों की सूची में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान की तेल तस्करी और गुप्त व्यापार को रोकने के लिए नए बड़े प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें भारत की दो कंपनियां टीआर6 पेट्रो और आरएन शिप मैनेजमेंट सहित दुनियाभर की कुल 17 कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का कहना है कि ये कदम इसलिए उठाया गया हैं ताकि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम, सेना और आतंकवादी समूहों को पैसा नहीं भेज सके।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान की तेल तस्करी और गुप्त व्यापार नेटवर्क को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों में भारत की एक शिपिंग कंपनी और एक पेट्रोलियम ट्रेडर समेत कई देशों की 17 कंपनियां, व्यक्ति और जहाज शामिल हैं। मामले में अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि ये कदम इसलिए उठाए गए हैं ताकि उस पैसों के प्रवाह को रोका जा सके जिससे ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम, सेना और आतंकवादी समूहों को समर्थन देता है।


भारत की पेट्रोलियम ट्रेडर कंपनी टीआर6 पीईटीआरओ पर आरोप है कि उसने अक्तूबर 2024 से जून 2025 के बीच ईरान से आठ मिलियन डॉलर से अधिक का बिटुमेन खरीदा। अमेरिका के अनुसार यह ईरानी तेल की खरीद की श्रेणी में आता है, जो प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इसलिए कंपनी को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों में डाल दिया गया। दूसरी तरफ अमेरिकी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की श्रेणी में मुंबई स्थित आरएन शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है।

# 'न्यूयॉर्क की महंगाई और आर्थिक संकट पर होगी बात' डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात से पहले बोले जोहरान ममदानी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान मामदानी आज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले है। इस मुलाकात को लेकर जहां एक तरफ पूरे अमेरिका भर में चर्चा तेज है। वहीं दूसरी ओर अब ममदानी ने भी इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। ममदानी ने कहा कि वे शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य विषय शहर में रहने की महंगाई और आर्थिक संकट होगा। मामदानी ने कहा कि यह अवसर है कि हम न्यूयॉर्कवासियों के लिए मुद्दों को सामने रख सकें।

ममदानी ने बताया कि ट्रंप से मुलाकात के दौरान वे आर्थिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा के मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं किसी के साथ भी काम करने को तैयार हूं, अगर



**न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान मामदानी शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले मामदानी ने कहा कि बैठक का मुख्य फोकस शहर में रहने की महंगाई और आर्थिक संकट होगा।**

इससे हमारे शहर में जीवन को अधिक किफायती बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि बातचीत करना जरूरी है।

### न्यूयॉर्कवासियों के लिए कर रहे मुलाकात- ममदानी

इस दौरान ममदानी ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर कोई योजना न्यूयॉर्कवासियों के लिए फायदेमंद है तो मैं उसका समर्थन करूंगा और अगर नुकसान पहुंचाती है तो सबसे पहले विरोध करूंगा। मामदानी ने कहा कि पांचों जिले में वोटरों को महंगाई और जीवन यापन की समस्या सबसे ज्यादा परेशान कर रही थी। चुनाव के बाद कई लोगों ने कहा कि महंगाई, महंगाई, महंगाई ही उनका सबसे बड़ा मुद्दा था। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप और वे दोनों चुनाव में महंगाई को मुख्य मुद्दा मानते थे।

मामदानी ने बताया कि ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने ट्रंप के लिए वोट किया, लेकिन बाद में उनकी पार्टी को चुना।

### राष्ट्रपति तक जरूरतों को पहुंचाने का मौका- ममदानी

बैठक से पहले मामदानी ने कहा कि यह मौका है कि वास्तविक समस्याओं और जरूरतों को राष्ट्रपति तक पहुंचाया जाए। हालांकि आज होने वाली इस गर्मजोशी भरे मुलाकात को लेकर गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि इससे कुछ मुद्दों में साझा जमीन मिल सकती है, जैसे गेटवे टनल, ट्रांजिट फंडिंग और नेशनल गार्ड तैनाती से बचना।

# लेविंस्की ने दस्तावेज जारी करने में देरी पर जताई नाराजगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी कार्यकर्ता और लेखिका मोनिका लेविंस्की ने एपस्टीन फाइल्स को जारी करने में लगने वाले समय पर नाराजगी जाहिर की। लेविंस्की ने कहा कि सरकार इन दस्तावेजों को सार्वजनिक करने में काफी देर कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को उस विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें न्याय विभाग को यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक करने का आदेश दिया गया है।

इस कानून के तहत अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को तीस दिनों के भीतर ये दस्तावेज जारी करने होंगे। प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में यह विधेयक उस समय पारित हुआ, जब एपस्टीन की बातचीत से जुड़े ईमेल सामने आए।

इन ईमेल में 'ट्रंप ब्लोइंग बुब्बा' नाम का जिक्र किया गया था। इसके बाद यह इंटरनेट 'ट्रंप ब्लोइंग बुब्बा'



वायरल होने लगा। लोग समझ बैठ के कि बुब्बा से बिल क्लिंटन का इशारा है, क्योंकि उनका यही उपनाम रहा है। बाद में एपस्टीन के भाई मार्क ने स्पष्ट किया कि बुब्बा किसी निजी व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया गया था, न कि क्लिंटन के लिए। लेकिन तब तक इंटरनेट पर यह विवाद काफी बढ़ चुका था। इस बीच, सोशल मीडिया में लोगों ने नया शब्द 'डोनिका लेविंस्की' गढ़ दिया, ताकि ट्रंप और लेविंस्की की पुरानी कहानी के बीच तुलना की जा सके।

# दुबई एयर शो में भारतीय फाइटर जेट तेजस क्रैश, हादसे में पायलट की मौत

**दुबई।** दुबई एयर शो में शुक्रवार को आयोजित उड़ान प्रदर्शन के दौरान भारतीय तेजस लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गया। वायु सेना ने बयान जारी कर बताया कि इस हादसे में पायलट की भी मौत हो गई है। स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2:10 बजे तेजस एम के-1 प्रदर्शन के दौरान डेमो उड़ान भर रहा था, तभी अचानक विमान अनियंत्रित हो गया और नीचे गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के जमीन से टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और कुछ ही पलों में काले धुएं का गुबार हवा में फैल गया।

वहां मौजूद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में लोग दुबई एयर शो देखने आए थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। भीड़ ने विमान को नीचे गिरते देखा और फिर अचानक उठते धुएं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### एक घंटे से भी कम समय में आग पर पाया गया काबू

दुबई की स्थानीय मीडिया के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार,



**दुबई एयर शो में प्रदर्शन के दौरान भारतीय तेजस लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रैश हो गया। वायु सेना ने बताया कि इस हादसे में पायलट की मौत हो गई है। घटना दोपहर करीब 2:10 बजे हुई, जब विमान प्रदर्शन उड़ान भर रहा था।**

हादसे के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर्स और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया गया। करीब 45 मिनट में पूरे घटनाक्रम को संभाल लिया गया। कार्यक्रम दोबारा शुरू होगा या नहीं, इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है।

### दुर्घटना वाला क्षेत्र पूरी तरह से किया गया बंद

एयर शो अधिकारियों ने दुर्घटना वाले क्षेत्र को तुरंत सील कर दिया और सभी उड़ान कार्यक्रम अस्थायी रूप से रोक दिए। विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। भारतीय पक्ष की ओर से भी संपर्क और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया जारी है।

### पूरी तरह स्वदेशी है ताकतवर तेजस

भारतीय वायुसेना का तेजस एम के-1 लड़ाकू विमान पूरी तरह भारत में निर्मित एक आधुनिक फाइटर जेट है। इसे हल्का, तेज और अधिक फुतीर्ला बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि यह विभिन्न तरह के कॉम्बैट मिशन आसानी से पूरा कर सके। तेजस को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (ल्रअछ) ने विकसित किया है। यह देश की स्वदेशी रक्षा क्षमता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है। इसके डिजाइन और संरचना में कई उन्नत तकनीकों का समावेश किया गया है।

### दुबई एयर शो के बारे में जानें

'द फ्यूचर इज हियर' थीम के तहत यह एयर शो 17 से 21 नवंबर तक दुबई वर्ल्ड सेंट्रल में आयोजित हो रहा है। यह दुबई एयर शो का 19वां संस्करण है। इस बार 200 से अधिक विमानों का रिकॉर्ड प्रदर्शन किया जा रहा। इसमें कमर्शियल, मिलिट्री, प्राइवेट जेट, यूएवी और नई पीढ़ी की एयरोस्पेस तकनीकें शामिल हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा फ्लाइंग और स्टैटिक डिस्प्ले है। आयोजन में 148,000 ट्रेड विजिटर्स और 115 देशों से आए 490 सैन्य और नागरिक प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं।

तेजस 4.5 जनरेशन श्रेणी का विमान है, जिसमें आधुनिक एवियोनिक्स, बेहतर हथियार प्रणाली और उत्कृष्ट मैनूवरिंग क्षमताएं शामिल हैं। यह छोटा और हल्का होने के बावजूद सुपरसोनिक गति से उड़ान भरने की क्षमता रखता है, यानी यह ध्वनि की गति से भी तेज उड़ सकता है। इसकी गति, फुर्ती और तकनीकी विशेषताएं इसे भारतीय वायुसेना के बेड़े में एक शक्तिशाली और भरोसेमंद लड़ाकू विमान बनाती हैं।

# ब्राजील में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन स्थल पर लगी आग, 21 घायल

**बेलेम।** ब्राजील के बीलेम में चल रहे COP 30 क्लाइमेट समिट के मुख्य स्थल 'ब्लू जोन' में गुरुवार दोपहर आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। इस आग की वजह से कम से कम 21 लोग घायल हो गए। वहीं आग लगते ही हजारों प्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार और कर्मचारी सुरक्षा के लिए बाहर की ओर दौड़ पड़े, वहीं मौके पर मौजूद हजारों लोगों को तेजी से बाहर निकाला गया और इस वार्ता को रोकनी पड़ी। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आग की संभावना इलेक्ट्रिकल उपकरण, संभवतः माइक्रोवेव से लगी। अब ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या जलवायु सुरक्षा पर ध्यान देने वाले सम्मेलन में भी सुरक्षा नियमों का पालन नहीं होता?

स्थानीय समयानुसार आग दोपहर 2 बजे लगी और सुरक्षा फुटेज में देखा गया कि आग ने पवेलियन की दीवार और छत के अंदर लगे फैब्रिक को जलाया। धुंआ उठता देख लोग चिल्लाते हुए बाहर निकले। दूसरी ओर



पूरी तरह से तैयार फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर सिर्फ छह मिनट में काबू में कर लिया। बताया जा रहा है कि घायल लोगों में 19 लोग धुएं के कारण घायल हुए, वहीं दो लोग घबराहट के चलते।

**शुक्रवार तक नहीं होंगे प्लेनरी सत्र:** आग पर पूरी तर से नियंत्रण पाने के बाद प्रभावित क्षेत्र को सील कर बड़े शीट से ढक दिया गया और प्रतिभागियों को क्रमवार बुलाकर उनके पासपोर्ट और जरूरी सामान लौटाया गया। हालांकि आग लगने के बाद स्थल की जांच के बाद शाम 8:40 बजे स्थल को फिर से खोला गया।

यह घटना समिट के शुरू होने के बाद तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले स्थानीय आदिवासी प्रदर्शनकारियों ने स्थल पर प्रदर्शन किया और प्रवेश मार्ग को ब्लॉक किया था। आयोजक ब्राजील और वठत्रह्नउउ ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत सुरक्षा उपाय किए और आग को नियंत्रित किया। वहीं इस हादसे को लेकर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दुनिया देख रही है और सभी को महत्वपूर्ण समझौते पर पहुंचने की अपील की।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
ISO 9001, 14001 a 18001 प्रमाणित संस्था
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# रोहित त्यागी का शुभ विवाह तान्या त्यागी के साथ धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के सुपौत्र, गिरीश त्यागी के सुपुत्र तथा मुरादनगर अजीत पाल त्यागी के भतीजे रोहित त्यागी का शुभ विवाह विकास त्यागी की सुपुत्री तान्या त्यागी के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर राजनीति, समाजसेवा और व्यापार जगत के गणमान्य लोग पहुंचे। परिवार की ओर से रिटायर्ड ओएसडी नोएडा यशपाल त्यागी, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, राजीव त्यागी, अभिषेक त्यागी, वरूण त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परिवार की ओर से मोहित त्यागी, अरनव त्यागी, आदित्य त्यागी, हार्दिक त्यागी, विवान त्यागी भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




## लोनी बॉर्डर में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर, पुलिस जांच शुरू



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक युवक को गोली मारने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना में घायल हुए युवक की पहचान कुणाल शर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान राहुल नाम के युवक के रूप में हुई है जिसने कथित रूप से गोली चलाई। गंभीर रूप से घायल कुनाल को तत्काल पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गाजियाबाद में प्रेम संबंध के शक में छात्र की पिटाई, मामला दर्ज

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में एक छात्र की लाठी-डंडों से पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है। घायल छात्र रितेश ने आरोप लगाया है कि देव ठाकुर, शोभित ठाकुर और उनके साथियों ने उस पर हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि रितेश और आरोपियों की बहन के बीच प्रेम संबंध को लेकर विवाद हुआ था। इसी नाराजगी में आरोपियों ने रितेश को रोककर मारपीट की। एसओ सरिता मलिक के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## विवाद में पुलिसकर्मी के आठ वर्षीय बेटे को बंधक बनाकर पीटा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी दीपिका परिवार सहित गोविंदपुरम में रहती हैं। आरोप कि पार्क में खेलने के दौरान बच्चों से हुए विवाद के बाद पड़ोसी महिला उनके आठ वर्षीय बेटे को जबरन घर ले गई और कमरे में बंद कर डंडों से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। काफी खोजने पर बच्चे का पिता मौके पर पहुंचे और घायलावस्था में बच्चे को घर लेकर आए। कविनगर पुलिस आरोपी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसीपी कविनगर सूर्यबली गौतम ने बताया कि गोविंदनगर स्थित आरके पुरम सेकंड की होम्स सोसायटी में रहने वाली दीपिका ने बताया कि वह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उनकी ड्यूटी क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में है। उनका आठ साल का बेटा इशू 19 नवंबर की शाम को करीब साढ़े पांच बजे पार्किंग में खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली महिला प्रीति उनके बेटे को डरा-धमका कर हाथ पकड़कर अपने घर ले गई। अपने बच्चों को बाहरकर अंदर से कुंडी लगाकर मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला ने उनके बेटे के सिर में तीन डंडों से हमला किया है, दो डंडे मारते-मारते टूट गए। मारपीट के दौरान उनका बेटा चीखता-चिल्लाता रहा। तभी उनके पति सुमित कुमार सोसायटी से बच्चे को खोजते हुए पार्क में पहुंचे। जहां बच्चों ने बताया कि पड़ोस वाली आंटी उनके बच्चे को लेकर गई हैं। वहां पर जाकर देखा, तो वह महिला उनके बच्चे को पीट रही थी। उनका बेटा चीख-चिल्ला रहा था। इधर जानकारी मिलने पर बच्चे की मां ने ने दरवाजा खोला, तो देखा कि उनका बेटा खून से लथपथ था। वह आरोपी महिला के कब्जे से छुड़ाकर बेटे को घर लेकर गए। जहां डॉक्टर के पास लेकर गए और पुलिस को सूचना दी। बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, प्राथमिकी दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थानाक्षेत्र निवासी युवती ने ब्यूटी उत्पाद विक्रेता अजीत सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने दुकानदार पर गर्भपात कराने और छह लाख रुपये हड़पने समेत जाति सूचक अपशब्द कहने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि वह नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में एचआर के पद पर कार्यरत है। वह कुछ खरीदारी करने अजीत सिंह की दुकान पर गई थी। उस समय दुकान पर सामान नहीं मिला। इस पर अजीत सिंह ने सामान ऑनलाइन मंगवाकर पहुंचाने की बात कही और मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी ने उनके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि अजीत उन्हें घुमाने के बहाने एक होटल में ले गया और उससे शारीरिक संबंध स्थापित किए। करीब छह महीने तक आरोपी उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान उन्हें शिवानी नाम की महिला ने फोन करके खुद को अजीत की पत्नी बताया। इस पर आरोपी ने जल्द ही तलाक लेने की बात कही। इस दौरान अजीत ने दुकान के लिए जरूरत बताकर उनसे छह लाख रुपये भी ले लिए।




## थानेदारों ने किया कईयों को अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से सिटी जोन के एक खास ऑफिस में एक थ्री-स्टार के साथ कांड हुआ है उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में नई चर्चा सुनाई दे रही है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि मामला चाहे जो कुछ भी रहा हो, जिस तरीके से एकाएक अधिकारियों द्वारा एक्शन लिया गया है, उससे कई थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारी संट हो गए हैं। कहा जा रहा है कि मामला सीधे ऊपर से नीचे आया था, इसीलिए कोई मदद वाला सॉल्यूशन नहीं निकाल पाया और थ्री-स्टार को ठिकाने लगा दिया गया। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं की यह वाला मामला होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थानेदरों ने अपने कई माहिर टू-स्टार बुलाकर उन्हें समझाया है की कोई ऐसा कारनामा मत करना, जिससे थाने और तुम्हारा नाम बादनाम हो जाए। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं की जिस तरीके से गुरुवार की रात एक के बाद एक मीटिंग, जांच पड़ताल और फिर मुकदमे का ममला शुरू हुआ था, रात में ही कई पुलिसकर्मियों को इसकी भानक लग गई थी लेकिन मामला बेहद हाई




प्रोफाइल होने की वजह से कोई हाथ डालने को तैयार नहीं हो रहा था। उधर सूत्र बता रहे हैं की जिस तरीके से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में यह वाला मामला ऊजागर हुआ है, इसके बाद आने वाले दिनों में अधिकारियों की ओर से कई एक्शन लिए जा सकते हैं। बताया जा रहा है की इस मामले की जिस तरीके से लखनऊ से सीधी जानकारी आई थी, उससे पुलिस कमिशनरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर भी सवाल उठे हैं। बताया जा रहा है की जिन थ्री-स्टार पर यह है कार्रवाई हुई है, उनकी सेवा का अभी काफी समय बचा था लेकिन मामला ऐसा बिगड़ा की सब सन्न रह गए। बताया जा रहा है कि कई थानेदार इस मामले के बाद खुद भी अलर्ट हो गए हैं। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि जिस तरीके से बीते लगभग सात महीनों में 39 पुलिसकर्मियों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई वाला करंट दिया गया था। आने वाले दिनों में कुछ और ऐसी सूचनाओं और मामले सामने आ सकते हैं। उधर बताया जा रहा है कि इस मामले के होने के बाद एक खास कार्यालय के आसपास और वहां के अधिकारियों की टेंशन बढ़ गई है। तो पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों ने अटेंशन बढ़ाने वाले निर्देश दिए हैं।

# विशेष पुनरीक्षण में आ रही समस्याओं को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता सूची से नाम कटने, फॉर्मों की अस्वीकृति, बूथ स्तर पर लापरवाही एवं नाम जोड़ने में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर शिकायत रखी और शीघ्र समाधान की



मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने और संशोधन कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता आवश्यक है, लेकिन कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता परमानंद गौड़ को रेल मंत्रालय ने गाजियाबाद में किया अपना अधिवक्ता नियुक्त

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कानून के प्रति वरिष्ठ अधिवक्ता परमानंद गौड़ की निष्ठा और उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए रेल मंत्रालय ने उन्हें गाजियाबाद में अपना वकील नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद अब श्री गौड़ न्यायालयों में रेलवे से जुड़े सभी कानूनी मामलों में विभाग का पक्ष प्रस्तुत करेंगे।

श्री गौड़ का चयन रेल मंत्रालय द्वारा गठित चयन समिति ने साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से किया। उल्लेखनीय है कि परमानंद गौड़ गाजियाबाद के एक प्रतिष्ठित एवं पुराने परिवार से संबंध रखते हैं, जो पिछले पाँच दशकों से शिक्षा, राजनीति और विधिक क्षेत्र में सक्रिय रहा है। एनसीआर में इनके परिवार द्वारा स्थापित आर.आर. गौड़ पब्लिक स्कूल श्रृंखला शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।



वरिष्ठ अधिवक्ता परमानंद गौड़ ने आम्रपाली जैसे बड़े बिल्डर के विरुद्ध मुकदमा जीतकर अनेक लोगों को उनके घर और मुआवजा दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे गाजियाबाद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक निरंतर प्रैक्टिस कर रहे हैं और कानूनी जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए हैं।

# एनजीटी ने दिए नाले में बिना शोधित पानी डालने पर पाबंदी लगाने के आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनजीटी ने बिना शोधित किए गंदा पानी बृज विहार नाले में डालने पर रोक लगाने और इसके आसपास 12 मीटर की जमीन को कब्जामुक्त कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी दाखिल करने को कहा है।

महाराजपुर निवासी हाजी आरिफ ने औद्योगिक अपशिष्ट के साथ सीवेज वाला बिना शोधित पानी डालने के खिलाफ याचिका दायर की थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि इसकी वजह से प्रदूषण फैल रहा है। करीब दो वर्ष पूर्व उनकी याचिका पर एनजीटी



ने जिला प्रशासन को आदेश जारी कर नाले से अतिक्रमण हटाने और नाले में औद्योगिक क्षेत्रों का अपशिष्ट शोधित कर डालने के आदेश किए थे। इलाके का गंदा पानी एसटीपी तक भेजने का इंतजाम करने की बात कही गई थी।

बावजूद इसके एनजीटी के आदेश पर पिछले दो वर्ष में अमल न होने पर एक बार फिर से याचिकाकर्ता ने फिर से एनजीटी का दरवाजा खटखटाया था कि आदेशों की अवहेलना हो रही है। इसको लेकर अब एक बार फिर से एनजीटी ने जिला प्रशासन को आदेशों का पालन कराने और इसकी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है।

## साइबर ठगी के मामलों में इस्तेमाल हुए पश्चिम बंगाल के छात्रों के बैंक खाता

**गाजियाबाद( करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के लोगों से दो साल के अंदर हुई साइबर ठगी के मामलों में अधिकतर बैंक खाते पश्चिम बंगाल के छात्रों व श्रमिकों के इस्तेमाल किए गए। यह बात साइबर सेल की जांच में सामने आई है। पुलिस ने ऐसे करीब एक हजार बैंक खाते सीज किए हैं। इनमें से 700 से ज्यादा बैंक खाते छात्रों के मिले और बाकी श्रमिकों के। छात्रों को एजुकेशन लोन का झांसा दिया गया और श्रमिकों को रुपयों का। साइबर ठगी गिरोह छात्रों को एजुकेशन लोन व स्कॉलरशिप दिलाने और श्रमिकों को कुछ प्रतिशत कमीशन कमाने का झांसा देकर उनके बैंक खाते किराये पर लिए थे।

## दो महीने बाद दर्ज हुई लैक्मे सैलून में 1.76 लाख के सामान चोरी की प्राथमिकी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थानाक्षेत्र के वैभवखंड स्थित एक्सप्रेस गार्डन स्थित लैक्मे सैलून में 16 अगस्त 2025 की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो महीने बाद 19 नवंबर की रात मुकदमा दर्ज किया है। कंपनी के अधिकारी आजादशत्रु सिंह ने तहरीर दी लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कमिश्नर से शिकायत की। तब जाकर मामला दर्ज हुआ। चोरी करने वाले ने ताले को काटने की जगह खोलकर वारदात को अंजाम दिया।

फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में आजादशत्रु सिंह ने बताया कि 17 अगस्त की सुबह करीब नौ बजे सैलून की सहायक प्रबंधक उमिका व कर्मचारी गोवाल व हेमंत सैलून पहुंचे थे। तब उन्हें ताला खुला मिला।